Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020 से 2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक - 250 गुरूवार ,14 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

कुदरत सबको नियामत बांटती है, तुम्हें दिखलाई न पड़े तो क्या किया जाए?

-हजरत मोहम्मद-

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र सरकार ने किया बड़ा ऐलान,इस तारीख से 18+ वाले सभी लोगों को मुफ्त में लगेगी कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज



नई दिल्ली, 13 जुलाई 2022। केंद्र की मोदी सरकार ने18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज मुफ्त लगाने का फैसला किया है। इसके लिए 15 जुलाई से अभियान शुरू होगा जो 75 दिनों तक चलेगा। इस दौरान लोग सरकारी केंद्रों पर बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने ये बड़ा फैसला लिया है।

इस अभियान को देश की आजादी के 75 साल पूरा होने के अवसर पर मनाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत चलाया जाएगा। अभी तक देश के 18-59 साल के 77 करोड़ लोगों में से 1 फीसदी से भी कम ने बूस्टर डोज लगवाया है। 18-59 साल के लोगों को अभी तक बूस्टर डोज के लिए पैसे देने पड़ते थे।

### अग्निपथ योजना को लेकर मनीष तिवारी के रुख से कांग्रेस आलाकमान नाराज

**पार्टी से हो सकते हैं सस्पेंड**

नईदिल्ली,13 जुलाई 2022। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के लेकर कांग्रेस में बगावत होती



दिख रही है. कांग्रेस सासंद मनीष तिवारी ने केंद्र की अग्निपथ योजना को वापस लेने के लिए विपक्ष के ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था. जिसे लेकर कांग्रेस आलाकमान मनीष तिवारी से नाराज बताया जा रहा है. अग्निपथ योजना को लेकर पार्टी के रुख के विपरीत मनीष तिवारी ने खुलकर इस योजना का समर्थन किया है, जिसके कारण कांग्रेस के भीतर आक्रोश है.।

## सरकार की सलाह पर भेजा जाता था न्योता

# पाक के जासूस पत्रकार नुसरत मिर्जा पर बोले हामिद अंसारी

नई दिल्ली, 13 जुलाई 2022। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने बुधवार को इस आरोप का खंडन किया कि उन्होंने एक पाकिस्तानी पत्रकार को भारत में आमंत्रित किया था, जिसने आईएसआई के लिए जासूसी करने का दावा किया है। अंसारी ने कहा कि उनके खिलाफ मीडिया के एक तबके और भाजपा के एक प्रवक्ता द्वारा ''एक के बाद एक झूठ%% फैलाया जाता रहा है। उन्होंने एक बयान जारी कर भाजपा द्वारा रॉ के एक पूर्व अधिकारी की टिप्पणियों के हवाले से लगाए गए इन आरोपों को भी खारिज किया कि उन्होंने ईरान में भारत के राजदूत के रूप में राष्ट्रीय हितों से समझौता किया था।

**अंसारी ने गौरव भाटिया के सभी दावों को नकारा**

इससे पहले आज दिन में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा के उस दावे को लेकर अंसारी और कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा, जिसमें उसने कहा है कि उसने संप्रग सरकार के कार्यकाल में पांच बार भारत की यात्रा की और यहां से एकत्रित संवदेनशील सूचनाएं अपने देश की खुफिया एजेंसी आईएसआई को उपलब्ध कराईं। भाटिया ने पाकिस्तानी पत्रकार की उस कथित टिप्पणी का भी उल्लेख किया कि



उसने अंसारी के निमंत्रण पर भारत की यात्रा की थी और उनसे मुलाकात भी की थी। अंसारी ने इन दावों को खारिज किया।

**सरकार की सलाह पर भेजा जाता था न्योता**

अपने खंडन में, अंसारी ने कहा, ''यह एक ज्ञात तथ्य है कि भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण आम तौर पर विदेश मंत्रालय के माध्यम से सरकार की सलाह पर दिया जाता है।%% वर्ष 2007 से 2017 तक उपराष्ट्रपति रहे अंसारी ने कहा, ''मैंने 11 दिसंबर, 2010 को आतंकवाद पर %अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और मानवाधिकारों पर न्यायविदों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन% का उद्घाटन किया था। जैसा कि सामान्य प्रथा है, आयोजकों द्वारा आमंत्रितों की सूची तैयार की गई होगी। मैंने उसे (पाकिस्तानी पत्रकार) कभी आमंत्रित नहीं किया या उससे मुलाकात नहीं की।

**भारत सरकार के पास सारी जानकारी है**

पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि ईरान में राजदूत के रूप में उनका काम, हर समय तत्कालीन सरकार की जानकारी में था। उन्होंने कहा कि वह ऐसे मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता से बंधे हैं और उन पर टिप्पणी करने से बचेंगे। अंसारी ने कहा, ÷भारत सरकार के पास सारी जानकारी है और सच्चाई बताने वाली वह एकमात्र प्राधिकार है। यह रिकॉर्ड की बात है कि तेहरान में मेरे कार्यकाल के बाद, मुझे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था। वहां मेरे द्वारा किया गया काम देश और विदेश में स्वीकार किया गया है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति कोविन्द से की मुलाकात

नईदिल्ली,13 जुलाई 2022। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से मुलाकात की। बैठक के बाद राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

बैठक का महत्व इसलिए है क्योंकि राष्ट्रपति कोविंद का पांच साल का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है और नए राष्ट्रपति के चुनाव की घोषणा पहले ही हो चुकी है।



## विदेश घूमने गया था ये शादीशुदा जोड़ा,वापस लौटे 2 ट्रॉली भर बंदूकों के साथ,फिर एयरपोर्ट पर जो हुआ

दिल्ली , 13 जुलाई 2022। लोग अक्सर विदेशों में घूमने या अपनी छुट्टियां बिताने जाते हैं। और विदेश से वे ऐसी चीजें लेकर आते हैं जिसे देखकर वे जीवनभर याद रख सकें कि वे इस जगह घूमने गए हुए थे। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का एक कपल विदेश घूमने गया और वहां से वापिस लेकर आया है जानकार आप यकीन नहीं कर पाएंगे।

राष्ट्रीय राजधानी के आईजीआई हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, ÷उन्होंने स्वीकार किया (उन्होंने पहले) 12 लाख से अधिक मूल्य की 25 बंदूकों की तस्करी की थी।÷बैलिस्टिक्स रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करेगी कि बंदूकें असली हैं या नहीं दिल्ली में ऐसी बड़ी मात्रा में बंदूकें मिलना बड़ी साजिश को अंजाम देने की ओर भी इशारा कर रहा है। ऐसे में अधिकारियों के लिए ये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

## सिगरेट लेने उतरा हिस्ट्रीशीटर बदमाश,एसयूवी में पहुंचे शूटर ने सिर में मारी गोली,टोल प्लाजा में नाकेबंदी

इंदौर, 13 जुलाई 2022। अपने बीमार दोस्त से मिलने के बाद लौटते वक्त सिगरेट लेने उतरे हिस्ट्रीशीटर बदमाश को विरोध गैंग ने कनपटी पर गोली मार दी। गोली मारने के बाद सभी कार में बैठकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के मल्हारगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अनिल अपनी कार से अपने दो से तीन साथियों के साथ न्याय नगर जा रहा था। रास्ते में उसने सिगरेट लेने के लिए कार रूकवाई। इसके बाद पान की दुकान पर वह सिगरेट लेने गया, जहां अज्ञात व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। शूटर ने एक ही गोली चलाई जो अनिल के दांए कान के पास लगी।

**पांच से छह लोग सवार थे एसयूवी में**

इस बीच शूटर एक एसयूवी गाड़ी में बैठ फरार हो गया। बताया जाता है कि एसयूवी में पांच से छह लोग सवार थे।अनिल के गिरने की आवाज सुन कार में बैठे दोस्त उतरे और उसे संभाला। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गंभीर घायल अनिल को निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना पर तुरंत हीरा नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## सुशांत राजपूत मामले में एनसीबी ने दायर की चार्जशीट

**कहा-रिया चक्रवर्ती,अभिनेता को करती थी ड्रग की डिलीवरी**

मुंबई,13 जुलाई 2022। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती पर बुधवार को एनसीबी ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के लिए ड्रग्स खरीदने का आरोप लगाया गया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मंगलवार को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग मामले में दायर चार्जशीट में दावा किया था कि अभिनेता रिया चक्रवर्ती को उनके भाई शोविक सहित सह-आरोपियों से गांजा की कई डिलीवरी मिलीं और उन्हें राजपूत को सौंप दिया गया। सेंट्रल एंटी ड्रग एजेंसी ने पिछले महीने स्पेशल नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) कोर्ट में 35 आरोपियों के खिलाफ ड्राफ्ट चार्जेस दाखिल किया था, जिसका विवरण मंगलवार को उपलब्ध कराया गया।




PM Gati Shakti
National Master Plan for Multi-Modal Connectivity
आज़ादी का अमृत महोत्सव

"भारतीय रेल को सुरक्षित, सुविधाजनक तथा आधुनिक बनाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।"
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सरगुजा क्षेत्र के लोगों के लिए मजबूत रेल संपर्क

अम्बिकापुर-ह. निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस
साप्ताहिक ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

अश्विनी वैष्णव
रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार
द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)
विशिष्ट अतिथि
रेणुका सिंह
जनजातीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार

| 04043 अम्बिकापुर-ह निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस (प्रतेक गुरुवार) | | | 04044 ह-निज़ामुद्दीन अम्बिकापुर एक्सप्रेस (प्रतेक मंगलवार) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 07:15 | अम्बिकापुर | 19:30 | ---- |
| 07:47 | 07:49 | सूरजपुर रोड | 17:10 | 17:12 |
| 08:20 | 08:22 | बैकुंठपुर रोड | 16:39 | 16:41 |
| 09:25 | 09:30 | बिजुरी | 15:40 | 15:45 |
| 10:25 | 10:30 | अनुपपुर | 14:40 | 14:45 |
| 11:10 | 11:15 | शहडोल | 13:55 | 14:00 |
| 12:23 | 12:25 | उमरिया | 12:42 | 12:44 |
| 15:30 | 15:40 | कटनी मुरवारा | 11:00 | 11:10 |
| 17:08 | 17:10 | दमोह | 09:33 | 09:35 |
| 18:13 | 18:15 | सागर | 08:28 | 08:30 |
| 21:50 | 21:55 | वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन (झाँसी) | 05:20 | 05:25 |
| 23:10 | 23:12 | ग्वालियर | 03:35 | 03:37 |
| 01:15 | 01:20 | आगरा केंट | 01:50 | 01:55 |
| 02:13 | 02:15 | मथुरा जं | 00:58 | 01:00 |
| 04:35 | ---- | ह निज़ामुद्दीन | ---- | 23:00 |

लाभ
- सरगुजा, कोरिया, रीवा आदि विस्तृत क्षेत्रों को देश की राजधानी दिल्ली के साथ बेहतर कनेक्टिविटी
- इन क्षेत्रों के कृषि, व्यापार, शिक्षा, रोजगार एवं बैंकिंग से जुड़े यात्रियों के लिए सुविधा
- राजधानी दिल्ली सहित मथुरा, आगरा, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई जैसे महत्वपूर्ण शहरों के बीच किफायती और तेज कनेक्टिविटी
- सम्पूर्ण उत्तरी छत्तीसगढ़ के साथ साथ पूर्वी मध्य प्रदेश के सामाजिक तथा आर्थिक विकास मे बढ़ोत्तरी
- इस संपूर्ण क्षेत्र के निवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी

दिनांक 14 जुलाई 2022 समय : प्रातः 09.45 बजे
स्थान : अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन
आप सभी सादर आमंत्रित हैं




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे



South East Central Railway हमें फॉलो करें: @secrail


## मुद्रास्फीति और महंगाई की दर में 7 अंक केंद्र की भाजपा सरकार के साथ चिपका गयाःकांग्रेस

नई दिल्ली 13 जुलाई 2022। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मुद्रास्फीति और महंगाई की दर को लेकर हमला बोलते हुए कहा कि 7 अंक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चिपका हुआ है । गौरव ने कहा कि मुद्रास्फीति और महंगाई की दर जिसकी कल घोषणा हुई है वह 7.01 प्रतिशत है। गौरव ने कहा कि अगर हम बात करें बेरोजगारी की दर सीएमआईई ने निकाली है वह 7.8 प्रतिशत है। गौरव वल्लभ ने कहा कि अगर हम बात करें 1 जनवरी से लेकर अब तक रुपए में कितने ह्राश हुआ है और कितना डेप्रिशियेट हुआ, तो वो 7 प्रतिशत। एक जमाना था हमारे साथ भी 7 का अंक चिपका था 2004 से 2014, पर हमने उसको चिपकाया था जीडीपी की विकास दर में। हमारी जो एवरेज ग्रोथ रेट है 2004 से 2014, वो 7 प्रतिशत से ज्यादा रही थी। हमने भी 7 को लिया था, पर वो लिया था हमने देश की जीडीपी विकास दर में, महंगाई की दर में नहीं, रुपए के हाश में नहीं, बेरोजगारी की दर में नहीं।गौरव बल्लव ने कहा कि कल जो महंगाई दर के आंकड़े घोषित हुए, उसके बाद ये प्रतीत होता है कि जैसे-जैसे महंगाई की दर इकॉनोमी में बढ़ती जा रही है, वैसे के वैसे मोदी सरकार की योग्यता है। जबकि महंगाई की दर से देश को निजात दिलाने की बात हो, बेरोजगारी की दर कम करने की बात हो, गिरते हुए रुपए को रोकने की बात हो, वहाँ पर वो मौन बैठी हुई नजर आ रही है। गौरव बल्लव ने कहा कि देश ने पिछले महीने जून, 2022 में बेरोजगारी की दर देश में



7.8 प्रतिशत थी और 25 लाख लोगों ने अपनी नौकरी सिर्फ जून, 2022 में खोई है। ये मैं नहीं कह रहा, ये सीएमआईई का आंकड़ा है कि 25 लाख लोगों ने सिर्फ एक माह में अपनी नौकरी खोई है। जब नौकरी खो रही है, लोगों की लगातार नौकरी जा रही है, उसमें आग में घी का काम कर रहा है लगातार बढ़ती हुई महंगाई की दर। महंगाई की दर लगातार पिछले 33 महीनों से अगर मैं बात करुं तो रिजर्व बैंक का जो मेन टारगेट है, 4 प्रतिशत उससे ज्यादा है और पिछले 6 महीने से महंगाई की दर रिजर्व बैंक की जो अपर लिमिट है 6 प्रतिशत उससे लगातार ज्यादा चल रही है।गौरव बल्लभ ने कहा कि जब रुपया डेप्रिशियेट करता है 7 प्रतिशत पिछले 6 महीने में, रिटेल इन्फ्लेशन लगातार 7 प्रतिशत से ज्यादा बना हुआ है। अप्रैल में, मई में, जून में लगातार 7 प्रतिशत से ज्यादा बना हुआ और बेरोजगारी की दर लगातार 7 प्रतिशत से ज्यादा और बढ़ती जा रही है महीने दर महीने और ये सारे जो डेटा प्वाइंट हैं।एक और रोचक तथ्य आपको बताना चाहता हूं। जब महंगाई का आंकड़ा आया कल, 7.01 प्रतिशत रिटेल महंगाई का, मुझे उम्मीद थी कि देश की वित्त मंत्री इसके बारे में कोई टिप्पणी करेंगी। पर उन्होंने महंगाई के आंकड़ों को जारी होने के बाद 7 ट्वीट किए और सारे ट्वीट उन्होंने नासा के फोटो बताए देश को कि नासा में जो तारे हैं, सौरमंडल है, हवाएं हैं, वो कैसी चल रही हैं दूसरे ब्रह्मांड के दूसरे तारों पर, दूसरे ग्रहों पर। वित्त मंत्री जी अच्छी बात है आपको ब्रह्मांड के दूसरे ग्रहों में आपको इंटरेस्ट है, अच्छा लगा ये सुनकर, पर हिंदुस्तान में आपका इंटरेस्ट क्यों नहीं है? आपका और आपकी सरकार का क्या प्रपोजल है, क्या एक्शन प्वाइंट है कि हम जो 7 प्रतिशत इन्फ्लेशन है, इससे बाहर आ सकें? लगातार गिरते हुए रुपए को डॉलर के मुकाबले रोक सकें, बेरोजगारी की दर जो 7.8 प्रतिशत पर है, उसको हम नीचे ला सकें, इसके बारे में क्या एक्शन प्वाइंट हैं? गौरव वल्लभ ने कहा कि सीपीआई का डेटा रिलीज किया सरकार ने, उसमें रिटेल इन्फ्लेशन 7.01 प्रतिशत रहा और अगर हम अप्रैल, मई और जून इन तीन महीनों का एवरेज देखें, तो देश में इन्फ्लेशन 7.3 प्रतिशत है। रुरल इन्फ्लेशन जो हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था है ग्रामीण क्षेत्रों में जो इन्फ्लेशन है, वो देश के एवरेज से ज्यादा है। देश का एवरेज इन्फ्लेशन है 7.01 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में इन्फ्लेशन है 7.09 प्रतिशत। मतलब गांव में महंगाई शहरों से ज्यादा है। ध्यान रखें महात्मा गांधी जी ने कहा था कि भारत गांवों का देश है। हमारे देश की 70 प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में निवास करती है।

## संपादकीय

### रूस ने साधा मकसद

लिसिचांस्क शहर पर कब्जे कोल्वादीमीर पुतिन अपनी जीत बताएंगे। हालांकि यह भी सच है कि यहां कब्जा करने में रूस को अपने अनुमान से कहीं ज्यादा वक्त और शक्ति लगानी पड़ी।

रूस ने यूक्रेन में अपनी सैनिक कार्रवाई का एक प्रमुख मकसद हासिल कर लिया है। लुहांस्क इलाके में स्थित लिसिचांस्क शहर पर कब्जा होने के साथ ही अब पूरा दोनबास इलाके उसके नियंत्रण में है। लुहांस्क इलाके में यह आखिरी बड़ा शहर है, जहां अब तक यूक्रेनी सेना का कब्जा था। तो अब व्यावहारिक रूप में पूरे दोनबास इलाके पर रूस का नियंत्रण है। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन इसे अपनी जीत के रूप में पेश करेंगे। हालांकि यह भी सच है कि यहां कब्जा करने में रूस को उससे कहीं ज्यादा वक्त लगा, जितनी पुतिन का अंदाजा रहा होगा। दोनबास क्षेत्र कोयला और स्टील उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र है। जाहिर है, यहां कब्जा रूस की बड़ी रणनीतिक जीत है। इसके अलावा अब समझा जाता है कि दोनबास इलाके के हाथ से निकलने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की पर रूस से बातचीत करने और उसकी शर्तों के मुताबिक समझौता करने का दबाव बढ़ेगा। रूस का कहना है कि अगर यूक्रेन ये शर्त मान ले, तो युद्ध खत्म होने का रास्ता निकल आएगा। अब जेलेन्स्की इसके लिए तैयार नहीं हैं। लेकिन बदले हालात में वे क्या सोचते हैं, इस पर दुनिया की नजर रहेगी। बहरहाल, रूस ने अपने दो लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। 24 फरवरी को यूक्रेन में अपनी 'विशेष सैनिक कार्रवाई' की शुरुआत से पहले पुतिन तीन उद्देश्य बताए थे। उन्होंने कहा था कि दोनबास इलाके को यूक्रेन से मुक्त कराना, यूक्रेन में नाजी विचारधारा वाले गुटों का सफाया, और यूक्रेन को इस बात पर मजबूर करना कि वह नाटो का सदस्य ना बने, इस कार्रवाई का उद्देश्य होगा। ऐसी राय रही है कि यूक्रेन का मारियोपोल शहर नाजी संगठनों का गढ़ था। वहां पहले ही रूसी सेना अपना कब्जा जमा चुकी है। तो कहा जा सकता है कि सैनिक कार्रवाई के दो मकसद रूस ने पूरे कर लिए हैं। फिर भी यह याद रहेगा कि यूक्रेन की सेना ने लुहांस्क के कई मोर्चों पर लंबी लड़ाई लड़ी। रूसी सेना के आगे ऐसा करना आसान नहीं था। अंततः अपेक्षा के मुताबिक उसे पराजित होना पड़ा। अब यह देखने की बात होगी कि इसके बाद क्या जल्द युद्ध की समाप्ति का कोई रास्ता निकलता है?

# 'जन संख्या नियंत्रण कानून जल्दी से लागू हो'



भावना ठाकर 'भावु'
बेंगलोर, कर्नाटक

प्रतिवर्ष 10 जुलाई जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर सबको याद आता है कि देश में बढ़ रही जन संख्या की वजह से दिन ब दिन महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। उसी तरह इस साल भी आजकल जन संख्या नियंत्रण कानून का मुद्दा देश में गर्माया हुआ है। क्यूँकि जनसंख्या के मामले में भारत 1.35 अरब की आबादी के साथ विश्व में दूसरे पायदान पर है। अगर जल्दी कोई फैसला नहीं लिया गया तो कुछ समय में भारत इस मामले में पहले पायदान पर होगा। सरकार को इस मामले में दखल देने की जरूरत ही न पड़ती, अगर हर दंपति देशहित में और सुखी परिवार की खातिर स्वैच्छिक रुप से हम दो हमारे दो स्लोगन को अपनाते। बड़े परिवार देश की आबादी बढ़ाने के साथ परिवार के कमाने वाले मुखिया पर भी बोझ डालते है। परिवार छोटा होगा तो जरूरतें कम हो जाएगी जो चीजें चार बच्चों को मुश्किल से मिलती है वो दो बच्चों को आसानी से हासिल होगी।

इस वर्ष विश्व की जनसंख्या 8 बिलियन तक पहुंच गई है। बढ़ती जनसंख्या के साथ ही गरीबी, असमानता, लिंग भेद और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय भी चिंता का कारण हैं। यह बेहद आवश्यक हो गया है कि बढ़ती जन संख्या पर रोक लगाई जाए। जन संख्या नियंत्रित करने से देश की जनता को प्रदुषण, खराब सेहत, बेरोजगारी, अशिक्षा के साथ ही अन्य तमाम समस्याओं से निजात मिल सकता है। लोगों की वृद्धि होती है वहां उन्हें रहने के लिए अतिरिक्त जगह की आवश्यकता पड़ती है। जिसके कारण जंगलों तथा प्राकृतिक स्थानों का नाश किया जाता है और कांक्रीट के जंगल खड़े किए जाते है। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण देश का आर्थिक विकास दर बाधित होता है। जनसंख्या वृद्धि का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा का होना है। क्योंकि ज्ञान के अभाव में ही लोग अपने तथा देश के भले बुरे के बारे में दूरदर्शिता नहीं रख पाते।

किसी एक वर्ग या कोम पर ऊँगली उठाने से पहले बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए देश की आबादी क्यूँ बढ़ रही है उन सारे पहलुओं पर गौर करने की जरूरत है। बेशक एक वर्ग है जिनको देश की परिस्थितियों से कोई मतलब नहीं, परिवार बढ़ाना है और हर देश में अपनी कोम की आबादी बढ़ाकर राज करने की खुवाहिश है। साथ में देश में बाहर से दूसरे देशों से घुसपैठ कर के लोगों पर रोक लगाना भी बेहद जरूरी है। नेपाली, बांग्लादेशी और न जानें कहाँ कहाँ से अवैध तरीकों से लोग आ जाते है उस पर भी नज़र रखना बहुत आवश्यक है। नकली आधार कार्ड और नकली डॉक्यूमेंटस के साथ तीन-चार बच्चें पैदा करके देश की आबादी बढ़ा रहे है।

साथ में लैंगिक भेदभाव वाली मानसिकता भी कहीं न कहीं आबादी बढ़ाने का कारण है। बेटे की चाह में दो तीन लड़कियां पैदा कर लेते है लोग। भले फिर चाहे घर के हालात खस्ता हो।

बच्चे पैदा कर लेना बड़ी बात नहीं, बच्चों को अच्छी और आला दरज्जे की परवरिश देकर पालना बड़ी बात है। दस पिल्ले तो कुत्तों के भी पल जाते है। इतने बच्चे पैदा ही क्यूँ करने है जब आप उनको एक बेहतरीन ज़िंदगी देने के काबिल नहीं। जितनी अपनी हैसियत हो, कमाने की काबिलियत हो उस हिसाब से परिवार बढ़ाना चाहिए।

हर एक सरकारी अस्पतालों में परिवार नियोजन के साधन बाँटे जाते है, सरकार चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है छोटा परिवार सुखी परिवार। पर लोगों को न खुद के परिवार की पड़ी है, न पत्नी की सेहत की, न बढ़ती आबादी की वजह से देश में बढ़ रही मुसीबतों की। चार-पाँच बच्चों की लाईन लगा लेते है फिर महंगाई और बेरोजगारी के नाम पर सरकार को कोसते रहते है। जन संख्या नियंत्रण कानून जल्द से जल्द लागू होना चाहिए। दो से ज़्यादा बच्चें पैदा करने पर सज़ा की सुनवाई भी होनी चाहिए और जो इस कानून का उल्लंघन करते है उनको मिलने वाली सारी सुविधाएं बंद कर देनी चाहिए। कड़े नियम ही इस समस्या का हल है।

# सत्य और नैतिकता केवल किताबों में,जीवन से वाष्पित होते सत्य



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़,

महात्मा गांधीजी की किताब (माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ) मेरे सत्य के साथ प्रयोग,आज वास्तविक जीवन से दूर बहुत दूर होते देखे गए हैं। सत्य और अहिंसा सही मायनों में सामाजिक जीवन से ही वाष्पित हो गए हैं। सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे हो गई है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज व देश में अपना परचम फैला चुका हैद्य इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैद्य प्राचीन काल से हम आ ध्या त्मि क , संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैद्य भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैद्य व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैद्य समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व 'स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

## सफलता की राह



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़ छत्तीसगढ़

है जीवन में गर आगे बढ़ने की चाह,
तो निश्चित रूप से पलक पावड़े
बिछाए मिलेगी
सफलता की राह,तो चल आगे बढ़,
फतह की नई मंजिलें गढ़,
कूद जा भागमभाग भरी
इस रणक्षेत्र में,
विजय की चमक बनाए रख नेत्र में,
सफलता किसी को भी
रातोंरात नहीं मिलती,
पुष्प भोर के इंतजार के बिना
यूं ही नहीं खिलती,
इसके लिए तोड़ने पड़ते हैं
बने बनाए रश्मों को,निभाने पड़ते हैं
खुद से किये कसमों को,
सफलता चार दिन का सफर नहीं,
वो तो हिम्मत, मेहनत, लगन के
इंतजार में खड़ी रहती है
दूर पर यहीं कहीं,झोंकने पड़ते हैं
बहुत सारा वक़्त और
खुशियां परिवार की,
तब आती है घड़ियां इंतजार की,
फ़क़त पैसे झोंक देना
ग्यारंटी नहीं सफलता की,
संग ही बिछी रहती है
महीन आवरण विफलता की,
तो चल दिखा दे
फिर से सफलता का एक और
मंजर,
काट डाल दाएं बांये खड़ी
बाधाओं का धारदार खंजर,
जिद कर कि मुकाम पाना है,
जिद कर कि हौसलों का
एक नया इतिहास लिख जाना है,
मत बदल अपने अरमान व चाह,
सुमनों से भरी थाल लिए खड़ी है
सफलता की राह,
सफलता की राह,
सफलता की राह।

## हाँ! मैं करता हूँ प्यार



राजेश कुमार बिंनवाल
रघुनाथगढ़, राजस्थान

हाँ! मैं करता हूँ प्यार
स्वीकार है मुझे वो पीड़ा
सहर्ष अपनाया है वो दुःख
जिसने मुझे चेतावनी दी।
सुसुप्त था जब मुझे पता न था
संसार की पीड़ा,अवसाद से भिन्न
व्यक्ति की अपनी घुटन
तोड़ती है चेतना की परतें
जिसमें लिपटकर जीवन
निरापद बना रहता है।
मुझे प्यार है उस खुशी से
जिसके पीछे छिपी है उदासी
जीवन की परिभाषा में कहूँ
उदासी जीवन की प्रेरकशक्ति
बनती है तब, जब .....!
जब कोई खुशी चेहरे को ताकता है
और अंदर धँसी उदासी की लकीरें
देखता है उभारकर।
तब मुझे प्यार हो जाता है
मैं खो जाता हूँ उस व्यक्ति को ढूँढ़ने
जिसने डूबकी लगाई पर तैर न सका
जो अतल दुःख-सागर में।
हाँ! मुझे प्यार है उस रूप से
जिसने उलझे जीवन में भी
आशा को त्याग कर्मलीन हो
साधा है उस कठिन पथ को
जिसको साधने में बने कई अपराधी
कई जीना छोड़ चुके थे
कई हार के बदल चुके मार्ग
पर धन्य है वो रूप
जिसने भाग्य को ठुकराया
बन स्वयं भाग्य नियंता।
हाँ! मुझे प्यार है उससे
अप्रत्याशित जिसने कर्म किये
विश्वास जगत में अपनाया
भाव जगत में ग्रहण किया।

## यादें



लीलाराम साहू
देवगांव छत्तीसगढ़

वो देखी हमें और
पहचानने से किया इन्कार
और हमें आज भी है
उसका इन्तज़ार
वो भले भुल गई होगी
पर हम न उसे भुले है
दिल का दरवाजा आज भी
उसके लिए खुले है
उसकी यादों का ही तो
अब सहारा है
वरना इस दुनिया में
कौन हमारा है
उसकी चाहत और बाते
तड़पाया है कई कई राते
भले ही वो दूर हो गई
पर नही भुले है उसकी यादें

# क्यों वेतनभोगियों को दुधारू गाय की तरह कर के लिए बार-बार दूध दुही जाती है?



-प्रियंका सौरभ-
नई दिल्ली

वेतन पाने वाले आय का उच्चतम प्रतिशत करों में देते हैं, बदले में कम मिलता है और उनके कर का रुपया वोटों के लिए उपयोग किया जाता है। भारत में सामाजिक समानता का मतलब है कि मुंबई में हर महीने 6,000 रुपये कमाने वाले एक क्लर्क को आयकर का भुगतान करना होगा, लेकिन पंजाब के गुरदासपुर में एक स्ट्रॉबेरी किसान को जिसकी हर महीने 1.5 लाख रुपये की कमाई है, उसे कर-मुक्त स्थिति का आनंद लेना चाहिए। देश भर में क्लर्क अभी भी आयकर का भुगतान करते हैं और अमीर नहीं। आप आय पर कितना कर देते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितना कमाते हैं और कितना आप छिपा सकते हैं - या आय को गैर-कर योग्य के रूप में दिखा सकते हैं। वेतन पाने वाला वर्ग सबसे अधिक वंचित वर्ग है क्योंकि उनके पास वेतन पहुंचने से पहले ही 100 प्रतिशत आयकर ले लिया जाता है। इन्हे कुछ कर-मुक्त खर्चों की भी अनुमति नहीं है जो गैर-वेतन कमाने वालों की अनुमति है।

इन फाइलर्स-लेकिन-नॉट-पेयर्स का एक बड़ा वर्ग गैर-वेतन आय अर्जित करने वाला है। वास्तव में, जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में, आय करदाताओं की संख्या में गिरावट आई है, जो अन्य बातों के अलावा, वेतनभोगी वर्ग पर और भी अधिक बोझ है। भारत की तुलना में अधिक आयकर दरों वाले देश हैं। लेकिन उन देशों में करदाताओं के पास उन सेवाओं तक पहुंच है जो या तो कभी अस्तित्व में नहीं हैं या भारत में मौजूद नहीं हैं। सार्वजनिक शिक्षा, स्कूल से कॉलेज तक और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा शहरी मध्यम वर्ग के जीवन से गायब हो गई है। भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर निजी खर्च दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह उस देश में है जहां सबसे अमीर 10प्रतिशत आबादी अमेरिका के सबसे गरीब 10त्न से भी गरीब है।

एक तनख्वाह से कितनी बार टेक्स दें और क्यों ? तीस दिन के काम के बदले तनख्वाह पर टैक्स दिया। मोबाइल खरीदा, टैक्स दिया। रिचार्ज किया, डेटा लिया, बिजली ली, घर लिया, टीवी फ्रीज़ आदि लिये, कार ली, पेट्रोल लिया, सर्विस करवाई, रोड पर चला, टोल दिया, लाइसेंस बनाया, गलती की तो टैक्स दिया। रेस्तरां मे खाया, पार्किंग की, पानी लिया, राशन खरीदा, कपड़े खरीदे, जूते खरीदे, किताबें ली - टैक्स दिया। टॉयलेट गया, दवाई ली, गैस ली, सैकड़ों और चीजें ली, टैक्स दिया। कहीं फ़ीस दी, कहीं बिल, कहीं ब्याज दिया, कहीं जुर्माने के नाम पर तो कहीं रिश्वत के नाम पर पैसा देने पड़े, इन सब के बाद गलती से सेविंग मे बचा तो फिर टैक्स दिया। सारी उम्र काम करने के बाद कोई सोशल सेक्युरिटी नहीं, कोई पेंशन नही, कोई मेडिकल सुविधा नहीं, बच्चों के लिये अच्छे स्कूल नहीं, पब्लिक ट्रांस्पोर्ट नहीं, सड़कें खराब, स्ट्रीट लाईट खराब, हवा खराब, पानी खराब, फल-सब्जी जहरीली, हॉस्पिटल महंगे, हर साल महंगाई की मार, आकस्मिक खर्चे औरआपदाएं, उसके बाद भी हर जगह लाइनें।

सारा पैसा गया कहाँ? करप्शन में, इलेक्शन में, अमीरों की सब्सिड़ी में, माल्या जैसों के भागने में अमीरों के फर्जी दिवालिया होने में, स्विस बैंकों में, नेताओं के बंगले और कारों मे और हमें झण्डू बाम बनाने मे। अब किसे बोले कौन चोर है? आखिर कब तक हमारे देशवासी यूं ही घिसटती जिन्दगी जीते रहेंगे? समय आ गया है कि किसी की भक्ति से बढ़ कर देश व देशवासियों के बारे मे सोचें। आखिर क्यों करदाताओं की भारत की आबादी का लगभग एक प्रतिशत हिस्सा है?

आयकर दाताओं को स्वच्छ पानी, सांस लेने योग्य हवा, निजी सुरक्षा और अब तेजी से टोल के रूप में सड़क उपयोग के लिए भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। वेतन पाने वालों में से अधिकांश निजी क्षेत्र में हैं और वे जो कर देते हैं, वह उन्हें पेंशन, बेरोजगारी सहायता या सेवानिवृत्ति के बाद की स्वास्थ्य सेवा का अधिकार नहीं देता है। उच्च आयकर दरों वाले देशों में भी भारत की तुलना में अप्रत्यक्ष करों की दर बहुत कम है। उच्च आयकर दरों वाले अधिकांश देशों में कारों, स्मार्ट टीवी, स्मार्टफोन, लैपटॉप की कीमतें 20त्न से 80त्न कम हैं। भारत में एक मिड-लेवल कार के खरीदार को अपने कुल खर्च का 58त्न सरकार को देना पड़ता है। यदि वह किसी दुर्घटना का शिकार हो जाता है, तो सरकार उसके इलाज का खर्च वहन करने या नौकरी खोने पर आय सहायता प्रदान करने की संभावना नहीं रखती है।

एक दुधारू गाय, आयकरदाताओं, विशेष रूप से वेतनभोगी वर्ग से, बार-बार दूध दुहने का कारण यह है कि बहुत सारी अन्य टांग चलाने वाली गायें हैं जिन पर सरकार कर लगाने से इनकार करती है। किसान, यहां तक कि सबसे अमीर भी, कर मुक्त आय का आनंद लेते हैं; वकील, डॉक्टर और कोचिंग सेंटर सबसे अधिक लाभदायक और तेजी से बढ़ते व्यवसायों में से सेवा कर से मुक्त हैं। फिर ऐसे सांसद हैं जो विशेषाधिकारों का आनंद लेते हैं जो कोई कर दान नहीं करता है; वे अपना वेतन खुद तय करते हैं, और उनकी आय पर कर स्रोत पर नहीं काटा जाता है। उनकी अधिकांश आय कर-मुक्त भत्तों के रूप में है। साथी के साथ एक वर्ष में 34 मुफ्त उड़ानें, मुफ्त असीमित प्रथम श्रेणी ट्रेन यात्रा, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, किराए से मुक्त घर, 20,000 रुपये मासिक पेंशन।

यदि सांसदों को यह सुनिश्चित करना है कि उनके भुगतानकर्ता, करदाताओं को वे बुनियादी सेवाएं मिल रही हैं, जिनके लिए वे कर का भुगतान कर रहे हैं, तो इसमें से किसी को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेकिन ऐसा कम ही होता है।

# कहिनी: नवकरी वाली बहू



-प्रिया देवांगन प्रियू-
राजिम छत्तीसगढ़

बिहनिया उठते साठ चमेली ल कोन जनी आज का होगे रिहिस। राहुल ल किहिस - ÷बेटा अब तो तोर सरकारी नौकरी लग गेहे; त मँय सोचत हँव की तोर बर नवकरी वाली बहू ल लाबो।÷ राहुल अपन महतारी चमेली ल देखते रहिगे; थोरिक रुक के कथै- ÷माँ...! आज तोला काय होगे हे ओ, बिहनियच ले नौकरी वाली बहू लाय के गोठ गोठियावत हस। का काहत हस, जानत घलो हस कि बस मुँहू म आये ऊपरे-ऊपर ल गोठियावत हस। बबा ह जान डारही ही ते बड़ा अलकरहा हो जाही। चमेली कहिथे- ÷वो मोर ससुर आय, मँय उनला मना लेहूँ। तँय येकर फिकर झन कर।÷

घर म सास-ससुर रमोतिन-तिजऊ घलो जियत रिहिन। ओखर घर म चमेली के आदमी, सास-ससुर, दू झन बेटा अउ एक झन बहू नेहा रिहिन। अब नान्हे बेटा राहुल के बिहाव करई बाँचे रिहिस। चमेली अपन अंतस के बात ल जम्मो करा राखिस त सब्बोझन चमेली ल खिसियाये असन करिस। राहुल के बाबूजी प्रेमलाल कहिथे- ÷तोर दिमाग तो सही हे चमेली; काय गोठियात हस, जानत हस ना ? हम सब सक्छम हन । घर म कुछू जिनिस के कमी नइ हे, अउ आजकल के नवकरी वाली टूरी मन के पावर जादा रहिथे।÷ अपन सियनहिन रमोतिन कोती देखत तिजऊ कहिथे- ÷समझा तो ओ.... बने अपन बहू चमेली ल। ओखर मति ल काय हर लेहे।÷

÷बने तो काहत हे चमेली तोर ससुर ह ओ... हमर घर के नियम-धियम ल देख के नवकरी वाली बहू रह पाही कि नहीं। तोर ससुर ला तो जानथस न ?÷ रमोतिन समझाइस।

÷पर काय कहिबे,÷नारी ले दुनिया हारी÷। चमेली जिद्द पकड़ ले रिहिस कि मोर राहुल बर नवकरी वाली बहू लानहू कहिके।

ले दे के सब झन चमेली के बात ला मान के राहुल बर नवकरी वाली लड़की खोजई सुरु होइस। गाँव के ही एकझन रिस्तेदार ले स्वीटी के बारे मा पता चलिस। आखिर म पढ़े-लिखे स्वीटी ह महासमुंद ले किरवई म बहू बन के ससुरार आइस। नवकरी म घलो रिहिस। एकठिन सरकारी आफिस म क्लर्क रिहिस। तिजऊ के नातीबहू ह नवकरी म हे कहिके किरवई गाँव म सोर होगे। सब झन खुस रिहिन। समय के चक्का ढुलत रिहिस।

एक दिन राहुल ह अपन कुरिया म खुसुर-फुसुर करत स्वीटी ल किहिस कि हमर घर म सबझन नियम-धियम वाले आँय। छोटे होय या बड़े सब के आदर करे बर परथे स्वीटी; अउ हाँ, सियनहा बबा, बूढीदाई, माँ-बाबूजी अउ बड़े भैया के आगू म तोला हमेसा मुँड़ ढाँके ला परही।

÷ओह...हो... राहुल, मेरे को यहाँ आये एक ही दिन हुआ है, और तुने इतना सारा भाषण सुना डाला।÷ मुँहू मुरकेटत अँटियाये-अस किहिस।

÷ये भाषण-वाषण नोहे। घर के नियम ला बतावत हँव।÷

÷अरे यार अब तुम तो कम से कम हिंदी से बात किया करो। घर के लोग तो देहाती हैं ही। इतना छत्तीसगढ़ी बोलते हैं; बाप रे !!! मुझे तो समझ ही नहीं आता÷।

÷हमर घर म अपन पति के नाँव लेवई, मतलब ओखर अपमान करई होथे। घर वाले के सामने मोर नाँव झन लेय कर...अँई ?÷

÷ठीक है बाबा ! कोशिश करूँगी।÷ स्वीटी अपन तरुवा ल धरत कथै।

महीना भर के गेय ले एक दिन बिहनिया बेरा स्वीटी ह नल म पानी भरत रिहिस त ओखर कुराससुर पारस हर स्वीटी ला देख के खोरोर-खोरोर खाँसे लागिस। तइहा जमाना के नियय-धियम ल आजकल के बहू-बेटी मन काय पखरा ले जानही। कुराससुर मन ह बहू के आगू म जाये त खोरोर-खोरोर खाँसैं। खाँसी नइ आये तभो ले, जानो-मानो टीबी बीमारी होगे हे तइसे ठुरुर-ठारर करथैंच। पानी भरत स्वीटी ह मुँड़ नइ ढाँके राहै। स्वीटी समझ नइ पाइस, अउ सोचिस कि खाँसी आवत होही उनला। बने ढंग ले वो समझ नइ पाइस; अउ वो अपने म मस्त रिहिस। वतकी बेरा स्वीटी के बूढ़ीसास रमोतिन देख परिस। ताहन फेर काय पुछै.... ÷मूसर ल बाहना मिलगे÷। तानिया-तनिया के रमोतिन चिल्लाये लागिस- ÷ये...ओ.... सीटी .... ! ये ओ.... सीटी! अई मुँड़ी ल तो ढाँक ले ओ। कुराससुर हर ठाढ़े हे। थोरिकिन तो कदर कर ओ...!÷

रमोतिन के गोठ ला सुनके स्वीटी के एँड़ी के रीस तरुवा म चढ़गे- ÷दादी मेरा नाम स्वीटी है स्वीटी। सीटी नहीं।÷ सुन के जम्मो झन हाँस डारिन।

रमोतिन कहिथे- टार दई...! कइसे-कइसे नाँव राखथे आजकल के दाई-ददा मन घलो।÷

÷नाम लेने नहीं आता तो मत लिया करो।÷ कुछ भी बोलती रहती हो।÷ कुरबुरावत गुंडीभर मुँड़ म पानी बोहे स्वीटी घर कोती गिस।

नहाखोर के खाइस-पियीस। जल्दी तइयार हो के ऑफिस निकलिस। ऑफिस म दिनभर ओकर मन अच्छा नइ लागत राहै। राहुल के बेवहार अउ रमोतिन के गोठ रही-रही सुरता आवत राहै। संझा बेरा पाँच बजे घर मा आइस। आते साठ मुँह-कान ल धोके खुरसी म हाथ-गोड़ लमा के बइठगे। तिजऊ अउ रमोतिन दूनों देखते रहिगें। देखत भर ले तिजऊ देखिस। नइ सही गिस। जोर से चिल्लाइस- ÷ये काय तरीका ये ओ.... हम सियान मन के आगू म अइसने बइठबे। कुछू लिहाज हे कि नहीं घर मा ?÷ सियनहा तिजऊ गोठ सुनके स्वीटी अकबकागे। कलेचुप अपन कुरिया म चल दिस।

जइसे ही राहुल घर आइस। वोला संझा-बिहनिया के बात ल बताइस- ÷मैं थक जाती हूँ। यहाँ कितना नियम मानती रहूँगी और कितना काम करती रहूँगी। मेरे से नहीं हो पाता।÷

÷ठीक है; देखता हूँ।÷ राहुल बिचारा जादा नइ बोल पाइस। वइसे राहुल घलो स्वीटी ल कुछू बोले के पहिली पन्द्रा घाँव सोंचै। महतारी चमेली हर तो स्वीटी ल मुँड़ी म चढ़ाके राखबे करे रिहिस। थोरिक बेर के गेय ले स्वीटी अपन जेठानी नेहा ल कहिथे- ÷दीदी ! आज मैं खाना नहीं बना पाऊँगी। बहुत थक गयी हूँ। नेहा ह स्वीटी ल गुर्री-गुर्री देखत हव.... किहिस की वो मेर ले चल दिस, काबर कि वो जानत रिहिस कि नवकरी वाली आय ये बाईजी ह, येखर रुतबा भारी हे। कुछू कही देहूँ त झगरा हे।÷ दिनोंदिन ओखर मनमानी बढ़त रिहिस। घर के सियान मन तंग आगे रिहिन स्वीटी के नखरा ले।

आज बोरसी के बजार राहै। चमेली ल ओखर परोसिन चम्पा किहिस- ÷कस ओ चमेली दीदी काय करत हस ? आज तइयार नइ होय हस दीदी बजार जाये बर। चमेली कहिथे- ÷बहू स्वीटी आही न ओ चम्पा बहिनी , ताहन ओखरे संग इस्कूटी म जाहूँ। अब रेंगे ला नइ भाय बहिनी। काय करबे जांगर दिनोंदिन थकत हे।÷ रमोतिन के गोठ ल सुनके चम्पा ल हाँसी आगे-÷बने हे दीदी तोर बहू ह। तभे तो हमर पारा-परोस म सबझन काहत रिहिन कि बने हे या... चमेली के बहू हा।÷

स्वीटी ऑफिस ले आइस त चमेली कहिथे- ÷चल ओ.... स्वीटी बजार जाबो। साग-पान नइ हे घर म। तुहीं ल अगोरत रेहेंव इस्कूटी म लेगही कहिके।÷ स्वीटी फट ले जवाब दिस - ÷नहीं मम्मी जी ! मैं नहीं जाऊँगी बहुत थक गई हूँ।÷ तभे राहुल ह स्वीटी के गोठ सुन हाँसत कहिथे- झन जा माँ येखर संग ओ। गिरा दिही।÷

आखिर म स्वीटी अउ चमेली बजार चल दिन। बजार म चमेली मटक-मटक के रेंगत राहय। छाँट-छाँट के साग-पान लेवन लागय स्वीटी संग घूम-घूम के। तभे कहिथे कि टार दइ.....ई अब्बड़ चिखला हे।÷ बजार ले लहुँटत खानी बादर घुमड़गे। देखते-देखत पानी बरसन लग गे। हुरहा इस्कूटी सिलिप खाके गिरगे। चमेली बनेच फेंकागे। जम्मो माइलोगिन मन हाँसे लगिन। स्वीटी कहिथे- ÷बैठने नहीं आता है तो शौक क्यों करती हो इस्कूटी बैठने का माँ जी।÷ अब कइसनो करके घर आइन।

घर आय ले सबझन ल इस्कूटी ले गिरे के बात चलिस। राहुल हाँसन लागिस- बोले रेहेंव ना स्वीटी गिरा दिही कहिके। अउ सऊँख करबे माँ इस्कूटी म बइठे के।÷ अँचरा म आँसू पोंछत-पोंछत चमेली एकठिन कुरिया म निंगिस। एक दिन चमेली के काय जिनिस के बारे म गोठियावत हुरहा ओखर मुँह ले बुलक परिस- स्वीटी कुछू काम नइ करय। सब ला बड़े बहू हर करथे। ये गोठ स्वीटी के कान म परिस; त बनेच झर्रा दिस स्वीटी अपन सास ला।÷

चमेली रोवत-रोवत घर के मुहाटी म चल दिस। चम्पा कहिथे, का होगे ओ चमेली काबर रोवत हस दीदी। का होगे ओ....। सब हाल ल चंपा ला बताये लागिस- ÷का करबे बहिनी, नवकरी वाली बहू लाने हन, बने दुनोझन कमाहीं ता सुख म रहिबों कर के। मरे बिहान होगे ओ। अब तो अपने गोड़ म घाव करेंव, तइसे लागथे। बोल देबे ता लइका ऊपर गुस्सा ला उतारथे। दम-दम मार देथे।÷ चंपा कहिथे- ÷का करबे वो दीदी, लोग-लइका के घर मा अइसने ताय, बोल देबे ता झगरा। सब ला सुनके रहा त बने हे चमेली दीदी। अब अलकरहा समै आगे हे ओ। ओखर कारन हमन डोकरी-डोकरा कुछू नइ बोलन। मुँहू बाँध के रथन कलेचुप। खाय ल देथे ता खा लेथन ओ दीदी; नहीं ते अपन मन हेर के घलो खा लेथन। कमाये ला जाथन कर के ताव देखाथे। हमन दूनों डोकरी-डोकरा चुप्पे मुँह लुकाये बइठे रहिथन।÷ चमेली मुँड़ी डोलावत कहिथे- हव बहिनी हव। आजकल के बहू मन बात ल नइ मानय। सास-ससुर ला खाय ला दे बर छोड़, अपने पेट ला पहिली भरथे। हमर ससुर मोला टेचरी मारत अब्बड़ खिसियाथे बहिनी, अउ लानबे ओ चमेली नवकरी वाली बहू। काय करबे चुपचाप सुन लेथन ओ चम्पा; लाने ते हन।÷

चंपा अउ चमेली दूनों झन दुख-सुख ला गोठियावत राहैं। दस-पंदरा दिन के गेय ले एक दिन तो बनेच झगरा मात गे चमेली अउ स्वीटी मा। स्वीटी आज सुना दिस अपन सास-ससुर ला कि आज के बाद मैं इस घर में नहीं रहूँगी। जब देखो नियम; ये करो वो करो। सर पर पल्लू नहीं रहेगा तो बोलेंगे। बैठ जाओगे तो बोलेंगे। खाना जल्दी खाओगे तो बोलेंगे। घर के बड़ों के सामने तो बैठना ही मना है। तंग आ गयी हूँ मैं इस घर के सारे नियमों से। स्वीटी अउ राहुल दूनोझन अपन लइका ल धर के घर ले निकलगे। सब के सब देखत रहिगें। सास-ससुर के आँखी ले तर-तर तर-तर आँसू बोहाय ला धर लिस। चमेली ह तरुवा ल धर के बइठगे। अपन-अपन घर के मुँहाटी म बइठे परोसिन मन दाँत गिजोरत काहन लागैं- ÷चमेली बाई के नवकरी वाली बहू लाय के सोसी बुझागे। ही...ही...ही...।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# अम्बिकापुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस अविभाजित सरगुजा वासियों के बजाय मध्य प्रदेश वासियों के लिए सौगात के रूप में सामने आयी

## लोगों में उत्साह के बजाय नाराजगी...सूरजपुर जिला सहित सर्वाधिक राजस्व देने वाला क्षेत्र रहा उपेक्षित

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर/ विश्रामपुर,13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

अविभाजित सरगुजा की बहुप्रतीक्षित मांग दिल्ली तक की रेल सुविधा की मांग जो एक दशक से ज्यादा से चली आ रही थी का आज शुभारंभ होने जा रहा है, यह काफि लंबे संघर्ष एवं इंतजार के बाद पूरी तो हुई परंतु छत्तीसगढ़ के अविभाजित सरगुजा वासियों के लिए कम मध्य प्रदेश वासियों के लिए ज्यादा नजर आ रहा है, या यूं कहें कि केंद्र सरकार ने अपने भाजपा शासित राज्य को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया है। वहीं दूसरी तरफ सरगुजा एवं सूरजपुर के भाजपा नेताओं में इसे लेकर श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है, जबकि इस ट्रेन का पूरे छत्तीसगढ़ सहित अविभाजित सरगुजा में केवल तीन स्टॉपेज है।

उल्लेखनीय है कि किसी जमाने में रेल विस्तार केवल विश्रामपुर तक सीमित था क्योंकि बिश्रामपुर एसईसीएल क्षेत्र है, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के पित्र पुरुष स्वर्गीय लरग साय के प्रयासों से अंबिकापुर तक रेल सुविधा प्राप्त हुआ, इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की सरकार थी। वहीं आज लगभग 32 व 16 वर्ष के अथक प्रयासों एवं तमाम राजनैतिक संगठनों की मांग, हड़ताल के बाद आज छत्तीसगढ़ राज्य के अविभाजित सरगुजा को नई दिल्ली ट्रेन की सुविधा प्राप्त हुई, परंतु वह भी अविभाजित सरगुजा के लिए कम व मध्यप्रदेश के लिए ज्यादा नजर आ रही है।

गौरतलब है कि अंबिकापुर निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 04043 जो आज अंबिकापुर से निकलकर सूरजपुर तथा बैकुंठपुर और फिर सीधे मध्य प्रदेश राज्य के बिजुरी स्टेशन जाकर रुकेगी। उसके अलावा सूरजपुर जिले के किसी भी नगर में इसका स्टॉपेज नहीं होगा। जबकि मध्यप्रदेश राज्य के कुल 11 स्टेशनों पर रुककर मध्य प्रदेश राज्य के लोगों को पूर्ण रूप से लाभ पहुंचाएगी। जिस वजह से सूरजपुर जिले का सर्वाधिक राजस्व राज्य शासन को देने वाला क्षेत्र बिश्रामपुर के लोगों में काफी नाराजगी व्याप्त है।




जबकि श्रेय लेने वाले भाजपा के नेताओं की संख्या सूरजपुर जिले में ज्यादा है, परंतु दुर्भाग्य की सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर क्षेत्र में एक भी स्टॉपेज नहीं है। जिस पर भाजपा संगठन सहित सांसद को भी सोचने की जरूरत है। ताकि लोगों की निराशा को उत्साह में तब्दील किया जा सके।

### आंदोलन की हो रही तैयारी

बाहर हाल अंबिकापुर से दिल्ली ट्रेन के शुरू होने से पहले यहां स्टॉपेज को लेकर आंदोलन की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। जिसमें ना केवल समस्त राजनीतिक दल बलकी स्वयं भाजपा के लोग एवं नेता भी शामिल होंगे, क्योंकि यह मसला जन हितैषी है। यहां बताना आवश्यक है कि इस ट्रेन के प्रारंभ होने से जहां एक तरफ संपूर्ण अविभाजित सरगुजा सीधे देश की राजधानी से जुड़ेंगे तो वही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से भी इस ट्रेन की अत्यंत आवश्यकता थी परंतु स्टॉपेज ना होने के कारण सारी आवश्यकता धरी की धरी रह जाएंगी, वही विश्रामपुर कोयलांचल क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्य के लोग निवासरत हैं जिनके लिए यह एक सुनहरा उपहार की तरह था परंतु अब वे भी निराश है।

### भाजपा नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लगी

ज्ञात हो कि सरगुजा को दिल्ली से जोड़ने के लिए किसी एक राजनीतिक संगठन ने नहीं अपितु समस्त राजनीतिक संगठन, श्रम संगठन, रेलवे संगठन एवं तमाम संगठनों ने अपना अथक प्रयास किया था। साथ ही तीन बार के लगातार निर्वाचित विधायक एवं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने भी कई पत्र रेलवे बोर्ड को लिखकर एवं केंद्र सरकार को लिखकर नई दिल्ली ट्रेन की मांग की थी। जिसके फलस्वरूप ट्रेन तो शुरू हुई परंतु यह ट्रेन क्षेत्रवासियों की जरूरत के हिसाब से नहीं बल्कि महज औपचारिकता की तरह नजर आ रहा है।



अभी ट्रेन का परिचालन शुरू होना सबसे महत्वपूर्ण है आगे चलकर लोगों की सुविधा एवं मांगों के अनुसार स्टॉपेज बड़ जाएंगे फिलहाल यह किस तरह प्रारंभ हो इस पर काम करना ज्यादा जरूरी है

**रेणुका सिंह**
केंद्रीय मंत्री एवं सरगुजा सांसद



सबके सहयोग से ही आज नई दिल्ली तक ट्रेन परिचालन संभव हो पाया है, और स्टॉपेज की इस दिशा में नागरिकों को पहल करने की आवश्यकता है। हम भी उनकी मांगों को अपनी तरफ से रखेंगे, ताकि सभी जनमानस को इसका लाभ मिल सके।

**टीएस सिंह देव**
स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ



बिश्रामपुर क्षेत्र में रेलवे का आगमन एसईसीएल के साथ हुआ था और यहां स्टॉपेज स्वाभाविक रूप से देना ही चाहिए क्योंकि यह कोयलांचल क्षेत्र का हृदय स्थल है जहां से लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा होती है।

**अनुपम फिलीप**



एक समय था जब संपूर्ण सरगुजा संभाग में विश्रामपुर एकमात्र रेलवे स्टेशन हुआ करता था जहां से पूरे संभागीय क्षेत्र के लोग आवाजाही किया करते थे परंतु इस तरह विश्रामपुर की उपेक्षा करना सही बात नहीं है । विश्रामपुर में तमाम राज्यों के लोग निवासरत हैं उनके लिए यह ट्रेन एक वरदान की तरह है। यहां स्टॉपेज होना ही चाहिए।

**दीप्ति सवाई**

# पुलिसकर्मियों के वजन के हिसाब से प्रदान किया गया डाइट चार्ट

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फिटनेस कैंप का आयोजन किया गया। फिटनेस कैंप के माध्यम से पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया गया, सभी पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को देखते हुए जिला अस्पताल अंबिकापुर एवं पुलिस अस्पताल अंबिकापुर के डॉक्टर की देखरेख में सभी पुलिसकर्मियों के वजन के हिसाब से डाइट चार्ट प्रदान किया गया।



पुलिसकर्मियों की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वयं के लिए समय नहीं मिल पाने से खानपान सही नहीं होने से, उनका वजन अनियंत्रित हो जाता है और समय से पहले ही पुलिसकर्मी कई रोगों से पीड़ित हो जाते हैं। पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन में सभी पुलिसकर्मियों को फिट करने के उद्देश्य से फिट -कॉप फिट सिटी योजना का शुभारंभ किया गया है। बुधवार को डॉ. अम्बिका पटेल चिकित्सा अधिकारी पुलिस चिकित्सालय अम्बिकापुर, डॉ. सुमन सिंह मुख्य डाइटीशियन जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर की देखरेख में फिटनेस कैंप लगाकर पुलिस कर्मचारियों को नियमित एवं समय पर भोजन करने एवं भोजन संबंधी नियंत्रण एवं नियमित व्यायाम करने हेतु बताया गया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक एसएस पैकरा, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशात देवांगन रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, कोतवाली थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह, सहायक उप निरीक्षक, विवेक शुक्ला एवं सरगुजा जिले के समस्त पुलिस, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

## चोरी कर बाइक बदल-बदल कर घूम रहे थे दो युवक,पुलिस ने किया गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

. सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नकना के बादी लड़के नए-नए बाइक बदल कर क्षेत्र में घूम रहे थे। बाइक चोरी की होने के संदेह होने पर पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से चोरी की तीन बाइक जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार जिले में बाइक चोरी की लगातार घटनाएं सामने आ रही है। इसे ध्यान में देखते हुए आईजी व एसपी ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी बीच सीतापुर थाना प्रभारी रूपेश नारंग को मुखबिर से जानकारी मिली की क्षेत्र के ग्राम नकना के बादी लड़के नए-नए बाइक बदल कर घूम रहे हैं। चोरी की बाइक होने की संदेह पर पुलिस ने टीम गठित कर संदेहयों के पता तलाश हेतू रवाना किया गया। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान एक युवक मौका देखकर फरार हो गया। इस दौरान हिरासत में लिए गए दोनों संदेहियों से पुलिस द्वारा बाइक के संबंध में पूछताछ की गई तो चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी वेद सिंह जुना मंगारी व सांझू बादी उर्फ नान पावले उर्फ नकना सीतापुर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन बाइक जब्त की है। जो आरोपियों द्वारा सीतापुर रजौटी, अंबिकापुर व लटोरी जिला सूरजपुर से बाइक चोरी करना बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## फांसी लगाकर ग्रामीण ने दी जान

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।



. अज्ञात कारण से एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मणिपुर चौकी क्षेत्र के लब्जी थोर निवासी चैन साय की लाश मंगलवार की रात अपने घर के बाहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन ने देखा तो मामले की जानकारी मणिपुर चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मर्ग कायम किया है।

## आग से झुलसी किशोरी की मौत

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

. 29 जून को एक किशोरी अपने शरीर पर मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगा ली थी। उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार काजल सिंह पिता गौतम इ्क्षसह उम्र 17 वर्ष ग्रम कुन्दीकला की रहने वाली थी। वह 29 जून की शाम को कमरा बंद कर अपने शरीर पर मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगा ली थी। परिजन किसी तरह आग बुझाए और उसे इलाज के लए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## कैबिनेट मंत्री टी एस सिंहदेव के पहल पर भजन व शैला मंडलियों को जनसंपर्क निधि से 8000 रुपए का चेक विधायक प्रतिनिधि ने किया प्रदान

-नगर संवाददाता-
लखनपुर , 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव विगत माह पूर्व अपने विधानसभा दौरे पर थे इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंह देव तथा विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव के माध्यम से लखनपुर विकासखंड के ग्राम कोरजा बिनकरा , जयपुर ,मुठकी, लटोरी ,गेतरा कोसंगा,के भजन मंडलियों व शैला नृत्य दलों के सदस्यों द्वारा मंत्री जी से सामग्री लेने मांग की गई थी। मांगो उपरांत छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 7 ग्रामो के भजन मंडली व शैला नृत्य दलों के सदस्यों को स्वेच्छा अनुदान जनसंपर्क निधि से ₹8000--8000 रुपए का चेक विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव के हाथों प्रदान किया गया। चेक मिलने उपरांत भजन मंडलियों सैला नृत्य दलों के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। साथ ही भजन मंडलियों व सैला नृत्य दलों के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंह देव विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य देव को धन्यवाद ज्ञापित किया है। चेक वितरण के दौरान विधायक प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंहदेव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह देव, इरशाद खान पप्पू, पूर्व सरपंच लोचन सिंह, सहित बड़ी संख्या में दल के सदस्य मौजूद रहे।



## अवधूत भगवान राम सेवा संस्थान ललमाट्टी में गुरु पूर्णिमा पर ध्वज पूजन



-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

अवधूत भगवान राम सेवा संस्थान ललमाट्टी में प्रतिवर्ष की भांति गुरु आराधना महापर्व गुरु पूर्णिमा सर्व प्रथम ध्वज पूजन सफल योनि पाठ के साथ आररंम्भ हुआ। तत्पश्चात सुंदरकांड का भी पाठ भजन मंडली द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अंबिकापुर, बनारस, झारखंड बिहार महाराष्ट्र से अनेको आश्रम के अनुयायियों का आगमन हुआ। बाबा अवधूत कुमार राम ने अपने आशीर्वचन मे संदेश देते हुए कहा कि इस भारतवर्ष की आदिकालीन परंपरा गुरु शिष्य परंपरा रही है गुरु जब किसी को अपना शिष्य बनाता है तो वह शिष्य के जीवन का भार वहन करता है। गुरु शिष्य के जीवन में ईश्वर का वरदान है व गुरु बिना जीवन के भवसागर को पार करना अति कठिन है गुरु एक मार्गदर्शक है।




## उचित मूल्य दुकान के खिड़की का रॉड निकाल अज्ञात लोगों ने किया राशन चोरी जांच में जुटी पुलिस

-नगर संवाददाता-
लखनपुर , 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माजा के शासकीय उचित मूल्य दुकान में 12 व 13 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात लोगो के द्वारा दुकान के खिड़की का राड निकाल अंदर घुसकर चावल शक्कर चोरी करने का मामला सामने आया है घटना की सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम माज़ा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन महिला समूह के द्वारा किया जाता है। बीती रात अज्ञात लोगो के द्वारा सोसाइटी के खिड़की से रॉड निकालकर अंदर घुसकर बड़ी मात्रा में चावल की बोरियां व शक्कर निकाली गई हैं। जिसमें से कुछ चावल व शक्कर बोरी की चोरी हुई है। तो वही अज्ञात लोगो के द्वारा लगभग 12 बोरी चावल एक बोरी शक्कर को उचित मूल्य दुकान के पीछे ले जाने के मकसद से रखा गया था।ग्राउंड तरफ सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीण युवक घूमने गया हुआ था उसी दौरान उसने देखा कि उचित मूल्य दुकान व स्कूल के पीछे चावल शक्कर बोरी पढ़ा हुआ है। ग्रामीण युवक ने इसकी सूचना ग्राम सरपंच व उपसरपंच जमील को दी। तत्काल ग्राम सरपंच उप सरपंच व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शासकीय उचित मूल्य दुकान के पास पहुंची और देखा कि अज्ञात लोगों के द्वारा खिड़की से राड निकालकर चावल शक्कर की चोरी की गई है तथा कुछ चावल शक्कर की बोरियों को दुकान के पीछे रखा गया है स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लखनपुर थाना पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## कांग्रेस नेता ने महतारी एक्सप्रेस की ड्राइवर की बेदम पिटाई

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

. 102 महतारी एक्सप्रेस के वाहन चालक के साथ कांग्रेस नेता बंटी शर्मा व उनके साथी के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। बलरामपुर जिले के बरियों निवासी देशकमल जायसवाल पिता रामनगीना 26 वर्ष महतारी एक्सप्रेस का चालक है। मंगलवार को बरियों स्वास्थ्य केंद्र से डिलीवरी के लिए महिला को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। चालक अपने एक सहयोगी विक्रांत केशरी के साथ महतारी एक्सप्रेस में महिला को लेकर शाम 5 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचा। इस दौरान उसने महतारी एक्सप्रेस अस्पताल के सामने संचालित मेडिकल दुकान के सामन खड़ी कर दी। यह देख मेडिकल दुकान संचालक व कांग्रेसी नेता बंटी शर्मा भड़क गया और उसे वाहन हटाने कहा। चालक ने वाहन खराब होने के कारण वहां खड़ा करने का हवाला दिया तो बंटी शर्मा ने अपने दुकान के कर्मचारियों के साथ मिलकर लाठी-डंडे व हाथ-मुक्के से उसकी बेदम पिटाई कर दी।

महतारी एक्सप्रेस के चालक की इतनी बेरहमी से पिटाई की गई कि उसकी हालत गंभीर हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उसकी हालत को देखते हुए उसे जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इधर महतारी एक्सप्रेस के सहयोगी विक्रांत केशरी ने घायल चालक की जेब से 10 हजार रुपए व मोबाइल लूटने का भी आरोप मेडिकल संचालक पर लगाया है।

गंभीर रूप से घायल महतारी एक्सप्रेस के चालक ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर चौकी में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मेडिकल दुकान संचालक व अन्य के खिलाफ 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इधर बरियों बीएमओ का इस मामले में कहना है कि महतारी एक्सप्रेस के चालक के ऊपर प्राणघातक हमला किया गया है। उसका इलाज जारी है।

# जिला शिक्षा अधिकारी का नोटिस सही या प्रवेश फार्म के सूचना पोस्टर में अंकित पीपरडांड का नाम?

» पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड नहीं होगा बंद,पहले की तरह होता रहेगा संचालित

» बैकुंठपुर विकासखण्ड में तीन नए आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खुलेंगे

» जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया हस्ताक्षरित प्रेस विज्ञप्ति...दी जानकारी।

» शिक्षा अधिकारी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय के लिए पीपरडांड का डाइस कोड

» इस्तेमाल नहीं हो रहा पर प्रवेश फार्म में पीपरडांड का नाम ही इस्तेमाल हो रहा है क्यों?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।






जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर यह बता दिया की पीपरडांड का डाइस कोड स्माल नहीं हो रहा है यह स्कूल बंद नहीं होगा जिससे पटना के लोगों ने राहत की सांस ली पर इस बीच एक और समस्या है जो समस्या यह है कि प्रवेश फार्म से लेकर जितने भी प्रचार-प्रसार किए जा रहे हैं सभी में पीपरडांड का ही नाम इस्तेमाल हो रहा है ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी का अधिकृत नोटिस सही है या फिर वह पोस्टर जिसमे जिसमें पीपरडांड का नाम दिख रहा है? ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब पीपरडांड़ विद्यालय का नए आत्मानंद विद्यालय में कोई रोल है नहीं, तो विज्ञापन और प्रवेश प्रक्रिया में विद्यालय का नाम पीपरडांड़ बैकुंठपुर क्यों अंकित है? मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व क्षेत्रीय नेताओं के द्वारा सोशल मीडिया पर विद्यालय को स्थानीय स्तर पर संचालन को लेकर आंदोलन की बाढ़ आ गई थी और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सारे के सारे पटना क्षेत्र के हितैषी लोग अचानक से विलुप्त हो गए। अब पटना क्षेत्र में संचालन को लेकर कहीं कोई चर्चा नहीं।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड में अब आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालयों की संख्या 4 होगी यह प्रेस विज्ञप्ति जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया ने जारी की है। जारी विज्ञप्ति में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि शासन से प्राप्त नवीन स्वीकृति के आधार पर बैकुंठपुर में जो 3 आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सत्र 2022-2023 से संचालित किए जाएंगे उनमें से एक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पीपरडांड के नाम से और एक शासकीय बालक प्राथमिक शाला जनपद बैकुंठपुर के युडाइस कोड का उपयोग कर संचालित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में यह बतलाने का प्रयास किया है कि पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड बंद नहीं किया गया है और न ही बंद किया जा रहा है और वह वर्तमान में संचालित है वहीं बालक प्राथमिक शाला जनपद बैकुंठपुर जो बंद हो चुका है उसके युडाइस कोड का उपयोग कर बैकुंठपुर में नए विद्यालय का संचालन किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर शासन की मंशानुसार यह विद्यालय इसी सत्र से संचालित होंगे यह विज्ञप्ति में कहा गया है।

### विज्ञप्ति में दो नवीन आत्मानंद विद्यालयों का ही जिक्र

जिला शिक्षा अधिकारी ने जो प्रेस विज्ञप्ति जारी की है उसमें उल्लेख 3 आत्मानंद विद्यालयों का किया गया है लेकिन उल्लेख दो विद्यालयों का ही किया गया है। तीसरा विद्यालय किस नाम से खुलेगा उसका युडाइस कहाँ से प्रबंध होगा इसका विज्ञप्ति में उल्लेख नहीं।

### पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड नहीं होगा बंद

आत्मानंद विद्यालयों की विकासखण्ड बैकुंठपुर को लेकर जानकारी देते समय विज्ञप्ति में जिला शिक्षा अधिकारी ने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड नहीं होगा बंद और वह पूर्व की भांति संचालित है।

### पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड बंद किये जाने को लेकर हुआ था विरोध

पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड के युडाइस से बैकुंठपुर में आत्मानंद विद्यालय खोले जाने की बात सामने आई थी जिसका जनपद सदस्य और कांग्रेस के जिला महामंत्री बिहारीलाल राजवाड़े ने पुरजोर विरोध किया था और यह विज्ञप्ति उसी विरोध के चलते जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्णय के बदले जाने को लेकर जारी हुआ है ऐसा माना ज रहा है क्योंकि आखिर बैकुंठपुर में खुल रहे आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का नाम पीपरडांड के नाम से क्यों रखा जा रहा है ऐसा माना जा रहा है।

### जिला शिक्षा अधिकारी की विज्ञप्ति में केवल दो विद्यालयों के नामों का उल्लेख

जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में खुल रहे नवीन विद्यालयों की संख्या जहां 3 बताई है वहीं उन्होंने नाम सहित दो विद्यालयों का ही जिक्र किया है तीसरे विद्यालय का नाम क्या होगा इसका उल्लेख विज्ञप्ति में नहीं।

### विरोध दर्ज नहीं होता बंद हो जाता पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड

जिला शिक्षा अधिकारी की जारी विज्ञप्ति से यह तय हो गया कि यदि जनपद सदस्य जिला महामंत्री कांग्रेस बिहारी लाल राजवो ने विरोध दर्ज नहीं किया होता पूर्व माध्यमिक शाला पीपरडांड बंद हो जाता।

## भाजयुमों कूड़ेली मंडल कार्य समिति का बैठक आमापारा सामुदायिक भवन मे सम्पन्न

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।



भाजयुमों मंडल कूड़ेली का कार्य समिति का बैठक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के अध्यक्षता में आमापारा समुदायिक भवन मे सम्पन हुआ, मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, कुंडेली मंडल प्रभारी उमा शंकर, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, जिसमें युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों में महामंत्री शारदा गुप्ता, आलेख नामदेव कार्यालय प्रमुख, सुमित गुप्ता जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख, कन्या शक्ति संयोजिका खुशबु विश्वकर्मा, भाजयुमो मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संतोष यादव, सामुएल मिंज, सोना लाल राजवाड़े, प्रदीप कुमार साहू, शिवा यादव, उर्मिला पैकरा, प्रतिमा पैकरा, सुनील राजवाड़े, पारसनाथ राजवाड़े, राजेश कुमार साहू, विष्णु कुल्हाड़े, युकेश राजवाड़े, अमन राजवाड़े, ईश्वर मानिकपुरी, संतोष कुमार सारथी, प्यार धनी यादव, मोती लाल राजवाड़े, तुलेश्वर यादव, कमलेश्वर प्रसाद यादव, राजेश सारथी, सावन राजवाड़े, मनी लाल राजवाड़े, सुरेंद्र कुमार, परसराम राजवाड़े, अरुणधती इकाई अध्यक्ष आमापारा,बाबी राजवाड़े, देव कुमारी, उर्मिला सारथी, कैलाश कुंवर, राजन्ती, आँचल, सुरेश सारथी, धनेश्वर, अभिमन्यु, नारेंद्र राजवाड़े, काजल यादव, प्रियंका, चांदनी, विजय बहादुर, एजे भारत कोराम, दिनेश कुमार, आकाश सारथी, सुजीत यादव, जगत साय राजवाड़े, कलेश्वर यादव, डेकचंद, संदीप दास, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवा साथियों से वर्तमान प्रदेश सरकार के द्वारा किये गए झूठे वादों को याद दिलाते हुए बेरोजगारी भत्ता, सोसाइटी में खाद की कमी तथा विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उक्त बैठक के प्रभारी उमाशंकर बन्टी ने आगामी कार्ययोजना के बारे में युवा मोर्चा के साथियों से चर्चा की। इसके साथ ही युवा मोर्चा जिला महामंत्री शारदा प्रसाद गुप्ता ने सभी युवा मोर्चा के साथियों से संगठनात्मक चर्चा कर संगठन के कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए सभी युवा साथियों के भीतर एक ऊर्जा का संचार किया।

# ग्राम पंचायत आनी के 21 एकड़ बंजर भूमि में छाई हरियाली

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुण्ठपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के निकट ग्राम पंचायत आनी में 21 एकड़ वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र अब ऑक्सिजोन के रूप में उभर रहा है। यहां प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप एक नई पहल करते हुए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना के तहत एक वर्ष पूर्व वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र बनाया गया है। पहले जहां पूरी तरह से बंजर पड़ी इस भूमि में घास का एक तिनका भी नहीं होता था वहां अब औषधीय महत्व के हजारों पौधों के साथ मिश्रित वन में होने वाले सभी वर्ग के पौधों की हरियाली छा गई है। आने वाले समय में यह एक दर्शनीय स्थल होगा।

विदित हो कि एक वर्ष पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र में पहला पौधा लगाकर इसका औपचारिक आरंभ किया था। तब ग्राम पंचायत आनी के 21 एकड़ बंजर क्षेत्र को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण के लिए चयनित किया गया था। यहां कुल 21 एकड बंजर भूमि को प्रदेश के पहले वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के हाथों गत वर्ष 4 जुलाई को किया गया। इसमें फलदार पौधों की वाटिका के साथ इमारती और शोभनीय पौधों का विस्तारित वन क्षेत्र तैयार किया गया है साथ ही इसमें 20 हजार से ज्यादा की संख्या में औषधीय महत्व के पौधों का रोपण अंतवर्तीय तरीके से किया गया है।

औषधीय पौधे, फलोद्यान और सागौन, शीशम, तिनसा, साल, जैसे वृक्ष भी ले रहे आकार- इस संबंध में



विस्तार से जानकारी देते हुए कलेक्टर कोरिया श्री कुलदीप शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो सके इसके लिए एक मानक प्रदर्शन प्रक्षेत्र और मातृवाटिका (नर्सरी) बनाई गई है। महात्मा गांधी नरेगा, जिला खनिज न्यास मद सहित अन्य विभागीय योजनाओं के अभिसरण से ग्राम पंचायत आनी के एक बड़े क्षेत्रफल को वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र का स्वरूप प्रदान किया गया है। इसमें पशुओं के आश्रय स्थल के साथ ही चारागाह का विकास भी किया गया है। इसके लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। इसके साथ ही 10 एकड़ में फलोद्यान तैयार किया जा रहा है। इस फलोद्यान में अच्छी उपज देने वाले आम, नींबू, कटहल, सीताफल, जामुन, लीची, अमरूद आंवला आदि पौधों का क्षेत्रवार रोपण किया गया है। उन्नत फलोद्यान के साथ ही लगभग 20 अलग-अलग तरह के औषधीय महत्व के पौधों की मातृवाटिका तैयार की गई है। इन औषधीय पौधों की मातृवाटिका में वन अजवाइन, शतावर, वनतुलसी, जंगली प्याज, जंगली लहसुन, पत्थरचटा, पत्थरचूर्ण, स्टीविया, एलोवेरा जैसे विभिन्न खूबियों वाले लगभग 20 अलग-अलग तरह के पौधों की वाटिका तैयार की गई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार अगले आने वाले प्रत्येक वर्ष में लगभग 80 हजार से लेकर 1 लाख तक औषधीय पौधे इस मातृवाटिका से प्राप्त किए जा सकेंगे। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि कोरिया जिले में यह अपने आप में अलग तरह का प्रयास है जिससे जिले को एक अलग पहचान मिलेगी। साथ ही इस वन प्रदर्शन क्षेत्र में कोरिया जिले के वनों में मिलने वाले सभी प्रजाति के पौधों को तैयार किया गया है। यहां प्रदेष में मिलने वाली कुल 43 विभिन्न प्रजातियें के लगभग 10 हजार पौधे का रोपण किया गया है, इनमें मुख्य रूप से सागौन, शीशम, साल, बीजा, तिन्सा, बरगद पीपल हल्दू खम्हार, नीलगिरी जैसे सभी प्रजातियों को लगाया गया है। साथ ही एक बड़े क्षेत्रफल में इमारती लकड़ी देने वाले सभी प्रजातियों के पौधों की वाटिका तैयार हो रही है। इसके विस्तार व रखरखाव का कार्य वन विभाग, कोरिया कृषि विज्ञान केंद्र और उद्यान विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। आने वाले समय में यह वन प्रदर्शन क्षेत्र अपने आप में अलग आकर्षण और गौठान ग्राम के आम ग्रामीणों के लिए आय का स्रोत बनकर उभरेगा।

# विधायक गुलाब के प्रयासों से सामाजिक भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ 40 लाख रूपए मंजूर

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।



सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षराज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो के अथक प्रयास से राज्य शासन द्वारा भरतपुर, सोनहत और मनेंद्रगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामाजिक भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ 40 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की है। प्रदेश के मुखिया के इस असीम सौगात से विभिन्न समाजों का अपना स्वयं का सर्वसुविधायुक्त भवन होगा और अब उन्हें सामाजिक कार्य संपन्न कराने के लिए भवन की तलाश में नहीं भटकना पड़ेगा। राज्य शासन द्वारा भरतपुर विकासखंड में कंवर समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंड सोनहत में गोंड़ समाज, ग्राम नटवाही में चेरवा समाज, सोनहत में पंडो समाज, ग्राम बंशीपुर में चेरवा समाज एवं ग्राम सोनहत में साहू समाज हेतु पृथक-पृथक 10-10 लाख रूपए तथा सोनहत में ही संत रविदास भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं मनेंद्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम डुगला में उरांव समाज, ग्राम पसौरी में पनिका समाज, ग्राम चैनपुर में यादव समाज, ग्राम बिहारपुर में चेरवा समाज, ग्राम नागपुर व पेण्ड्री में कलार समाज तथा ग्राम शंकरगढ़ में अगरिया समाज हेतु सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10-10 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है।

सभी समाजों में हर्ष का माहौल- सामाजिक भवन निर्माण के लिए राशि मंजूर किए जाने पर सभी समाजों के पदाधिकारियों ने विधायक गुलाब कमरो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। अलग-अलग समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाजों के हित में यह भवन मील का पत्थर साबित होगा। आज तक किसी भी मुख्यमंत्री व विधायक ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल और विधायक गुलाब कमरो ने हर वर्ग की चिंता की है। विधायक के प्रयास की सभी सामाज और जिलेवासियों ने प्रशंसा की है।

समाज के हर वर्ग का हो रहा विकास- विभिन्न समाजों के लिए सामाजिक भवन हेतु 1 करोड़ से भी अधिक की राशि मंजूर किए जाने पर विधायक गुलाब कमरो ने सामाजिक जनों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक भवनों का निर्माण आज की आवश्यकता है। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुखिया के आशीर्वाद से क्षेत्र में विकास की बयार बह रही है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है।

## वरिष्ठों के मार्गदर्शन में काम करेगी भाजयुमों टीमःमनोज शुक्ला



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी अपनी आगामी रणनीति को लेकर जनता के बीच अब जाने की पूरी तैयारी में है विधानसभा चुनाव 2023 की सुगबुगाहट अब लगभग होने सी लगी है पिछले दिनों भाजपा युवामोर्चा के जिला बैठक के बाद अब कोरिया जिले में मंडलों के बैठकों का दौर जारी है इसी क्रम में कल भाजपा युवामोर्चा मनेन्द्रगढ़ मण्डल की बैठक भाजयुमों मण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, बैठक में भाजपा युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष व मनेन्द्रगढ़ के प्रभारी मनोज शुक्ला ने अपने जोशीले अंदाज में श्रध्येय अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हुए उनकी पंक्तियों से अपने उद्बोधन की शुरुआत की उन्होंने कहा कि अटल जी कहते थे कि भारत कोई भूमि का टुकटा नही बल्कि, ये वंदन की धरती है अभिनन्दन की धरती है, ये अर्पण की भूमि है समर्पण की भूमि है यहाँ की नदी- नदी गंगा और कंकण-कंकण शंकर है की पंक्तियों से युवाओं का ध्यान आकर्षित करते हुए युवाओं के अंदर जोश भरने का काम किया उन्होंने भाजपा के इतिहास को बताते हुए युवाओं को बताया कि किस तरह से 2 सीटों की शुरुआत से आज पूर्ण बहुमत तक सफर तय हुआ है उन्होंने कहा कि ये भारत भूमि हमारी माँ है और अपनी माँ के सेवा भावना से हमे राजनीति करनी है और अपने देश,धर्म संमाज के सेवा भावना से युवाओं को राजनीति में आगे आना होगा उन्होंने युवाओं का आवाहन करते हुए हर एक मतदान केन्द्र में 20 जवान तैयार करने को कहा,बेरोजगारी भत्ते को लेकर सरकार को घेरा और किसानों के हित में लड़ाई लड़ने की बात कही,युवामोर्चा के बल पर 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आगामी सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से आवाहन किया श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा युवामोर्चा अपने शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में रहकर सदैव पार्टी के रीति नीति के अनुसार कार्यों को गति प्रदान करेगा,बैठक को भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि युवामोर्चा पार्टी के रीढ़ की हड्डि है और पार्टी को मजबूती प्रदान करती है सभी को साथ मिलकर पार्टी का काम करना है उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन किया और सदैव उनके साथ खड़े रहने का वादा भी किया

## शराब दुकान में सेंधमारी, दीवार तोड़कर नकदी एवं महंगी शराब की बोतलें की पार

-नगर संवाददाता-
कोरबा 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमली छापर चैक पर संचालित देसी व विदेशी शराब दुकान में बीती रात अज्ञात चोर ने सेंधमारी कर नगद ₹22000 एवं शराब की कुछ बोतलें पार कर दी। मिली जानकारी के अनुसार देसी एवं विदेशी दुकान के मैनेजर पांडे ने कुसमुंडा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोर ने शराब दुकान का दीवार तोड़कर नगदी एवं शराब की बोतलें पार कर दी। यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं, हालांकि शातिर चोर अपना चेहरा गमछे से ढका हुआ था। घटना के दौरान दुकान का गार्ड भी ड्यूटी पर तैनात था ,बावजूद इसके चोरी कैसे हुई यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल कुसमुंडा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आखिर बैकुंठपुर विधायक को याद आ ही गई पटना की...लगातार पहुंच रहीं पटना

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

आखिरकार बैकुंठपुर विधायक को याद आ ही गई ग्राम पंचायत पटना की,लगातार पहुंच रहीं ग्राम पटना। साढ़े तीन साल के कार्यकाल में लगातार पटना पहुंचकर विधायक कर रहीं हैं जनसम्पर्क।

अपने काका की तरह अब अकेले ही विधानसभा के दौरे पर भी नजर आने लगीं विधायक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष निवर्तमान एवम कांग्रेस नेता के घर पटना पहुंची थीं विधायक। कांग्रेस नेता के घर पहुंची विधायक से मिलने पहुंचे ग्राम पंचायत पटना के व्यवसायी भी। सभी से ग्राम विकास विषय पर विधायक की हुई घण्टो चर्चा, विधायक से व्यवसाइयों ने कही अपनी बात। विधायक में आये अचानक बदलाव को लेकर चर्चा, कहीं यह 2023 के लिए तैयारियों का आगाज तो नहीं।

बैकुंठपुर विधानसभा की विधायक लगातार पटना क्षेत्र में दौरा करती नजर आ रहीं हैं। साढ़े तीन सालों बाद विधायक कई बार पटना क्षेत्र में दौरे पर देखी जा रहीं हैं और अब उनके दौरे में



यह भी देखा जा रहा है कि वह अकेले ही दौरा कर रहीं हैं वहीं वह लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास कर रहीं हैं और उसके निराकरण का आश्वासन भी दे रहीं हैं। विधायक साढ़े तीन सालों तक पटना क्षेत्र से दूरी बनाए हुईं थीं और अचानक उनके क्षेत्र में दौरे से अब यह चर्चा भी हो रही है कि 2023 नजदीक है इसलिए भी दौरा जारी है और इसीलिए विधायक को पटना क्षेत्र की याद आ रही है और वह बार बार क्षेत्र में पहुंच रहीं हैं।

### अपने काका की तरह अकेले दौरे पर नजर आ रहीं हैं विधायक

बैकुंठपुर विधायक अपने काका स्व डॉ रामचंद्र सिंहदेव की तरह अकेले दौरे पर निकल रहीं हैं और लोगों से मिलकर उनका हाल चाल जान रहीं हैं यह देखा जा रहा है। अपने भ्रमण कार्यक्रमों में वह पटना भी लगातार पहुंच रहीं हैं यह भी अब देखा जा रहा है।

### सहकारी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष के घर पहुंची विधायक

पटना के निवासी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष विजय सिंह के घर पहुंची विधायक ने उनके घर पर जहां उनके घर के सदस्यों से मुलाकात की वहीं उन्होंने वहीं पटना ग्राम के कई व्यवसाइयों से भी मुलाकात कर उनसे ग्राम की समस्याओं के बारे में जानने की कोशिश की वहीं उन्होंने ग्राम की समस्याओं से निराकरण के लिए हर संभव प्रयास हेतु भी उन्होंने व्यवसाइयों को आश्वासन दिया।

## गुड टच-बैड टच-स्कूली बच्चों को गुड टच

-नगर संवाददाता-

सूरजपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)। मंगलवार को थाना झिलमिली पुलिस ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत स्कूली बालक-बालिकाओं को गुड टच, बैड टच व होने वाले साइबर क्राइमों से सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने महिला सुरक्षा से जुड़ी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया और उसे कैसे आपरेट किया जाता है उसकी जानकारी दी। बढ़ते साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए मोबाइल का सदुपयोग करने, अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करने, बैंक खातों की जानकारी नहीं देने तथा अपने निजी डाटा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने पूछा कि थाना में पुलिस कैसे काम करती है जिस पर एसडीओपी ने पुलिस के कार्यो के बारे में विस्तार से अवगत कराया। थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर घायल व्यक्ति की सहायता करने की समझाईश दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शौच के लिए गई महिला गड्ढे में छुपकर बचाई अपनी जान

-ईस्नु प्रसाद यादव-
जनकपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के वन मंडल मनेंद्रगढ के वन परिक्षेत्र जनकपुर के लरकोड़ा बीट के कक्ष क्रमांक 1335 में एक हाथी के आने की सुचना मिलने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है वही एक महिला शौच के लिए जंगल गई हुई थी तभी हाथी को अपने पास आता देख पास के नाला में कूद कर अपनी जान बचाई हाथी की सूचना मिलने पर वन अमला सतत निगरानी में जंगल ना जाने की समझाइए दी

वि ओ- कलावती ने अपनी आप बीती बताई मैं घर से निकली बाहर शौच के लिए मेरे घर में शौचालय



नहीं बना है पश्चिम साइड से हाथी आ गया मेरे पास में तो मैं किधर जाऊ मैं कहा भागू घर तरफ़ भागूगी तो पा जायेगा पास में नाला था टिफिन को छोड़ नाला में कूद गई और पेड़ के जड़ के नीचे छुप गई और मेरे टिफिन को कचर कर पूर्व के जंगल तरफ़ चले गए

वि ओ- रामशरण बैगा फायर वाचर ने बताया कि हाथी के विषय में हमको बड़का डोल से फोन गया की हाथी बड़का डोल में आ गए हैं हमारे कक्ष क्रमांक1335 में तो मैं वहां से निकला तो मेरे घर के पास पंजा मिला देख कर आया तो यहां भी पंजा मिला देख कर आए तो यहां जंगल में भी पंजा मिला हम लोग नहीं देखे पर पूरे क्षेत्र में हम लोग सूचना दिए कि हाथी आ गया है मुनादी करवा दिए सरपंच और कोटवार के द्वारा जंगल कोई नहीं जाना

## नशे के अवैध कारोबार सूचना देने की अपील

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर मंगलवार को थाना प्रभारी ओड़गी ने ग्राम लांजित में चलित थाना लगाया और नागरिकों कई महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराकर उन्हें जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ने चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को जमीन संबंधी विवाद न करने, ऑनलाईन ठगी की घटना की जानकारी देते हुए ठगों के झांसे में न आने की समझाईश दी। नशा से होने वाले हानियों के बारे में ग्रामीणों को बताया, नशा करने से घर तबाह हो जाते है, नशा से आर्थिक, शारीरिक एवं सामाजिक क्षति होती है, नशा न करने की समझाईश देते हुए कहा कि नशे के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस तक जरूर पहुंचाए ताकि समाज को खोखला करने वालों ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके। गांव की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने तथा सूचना तंत्र को और मजबूत करने को लेकर चर्चा कर सुझाव लिए गए। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# कोलंबो से माले तक बवाल,नशीद के इशारे पर मालदीव में उतरे,अब शरण देने से इनकार,कहां जाएंगे गोतबाया?

**माले/कोलंबो , 13 जुलाई 2022।** श्रीलंका में ऐतिहासिक आर्थिक संकट से पैदा हुए जन विद्रोह के बीच भाग निकले राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को शरण देने से मालदीव ने इनकार कर दिया है। वे आज तड़के ही श्रीलंका की वायुसेना के विमान से कोलंबो से माले पहुंचे। इसके बाद श्रीलंका से लेकर मालदीव तक विरोध शुरू हो गया। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम सालेह के निवास के बाहर भी प्रदर्शन किया गया। अब देखना होगा कि राजपक्षे मालदीव छोड़कर कहां जाएंगे?

गोतबाया को शरण देने से मालदीव भी मुश्किल में आ गया है। इस फैसले के लिए मालदीव सरकार का विरोध शुरू हो गया है। गोतबाया को फिर श्रीलंका भेजने की मांग की जा रही है। मालदीव सरकार ने कहा है कि गोतबाया राजपक्षे अपनी पत्नी के साथ सिर्फ कुछ वक्त के लिए यहां आए हैं। यहां से वे किसी और देश के लिए रवाना होंगे।



दरअसल गोतबाया ने आज इस्तीफे का एलान किया था, लेकिन इसके पहले ही वे देश छोड़कर भाग निकले। इस कारण श्रीलंका में आंदोलनकारी भड़क गए हैं। उन्हें काबू में करने के लिए सेना का फायरिंग तक करना पड़ी है। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ने बगैर इस्तीफा दिया देश छोड़ने का फैसला इसलिए ताकि वे राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मिलने वाली सुविधाओं का उपयोग कर सुरक्षित ठिकाने पर पहुंच सकें। कोलंबो से लेकर मालदीव की राजधानी माले तक गोतबाया के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। इसे देखते हुए मालदीव ने उन्हें शरण देने से इनकार कर दिया है।

#### पूर्व राष्ट्रपति नशीद के फोन पर दी विमान उतारने की इजाजत

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार गोतबाया को श्रीलंका से सुरक्षित निकालने में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति व वर्तमान में संसद के स्पीकर मोहम्मद नशीद मददगार बने। उनके कहने पर मालदीव सरकार ने उनके विमान को माले में उतरने की इजाजत दी। वे राष्ट्रपति हैं और किसी देश के राष्ट्रपति को देश में आने से रोका नहीं जा सकता। यदि गोतबाया इस्तीफा दे चुके होते तो उन्हें इनकार किया जा सकता था।

#### राजपक्षे समेत 13 लोग भागे

उधर, श्रीलंका की वायुसेना ने स्पष्ट किया है कि उसे रक्षा मंत्रालय ने आदेश दिया था कि राष्ट्रपति गोतबाया व अन्य के लिए विशेष विमान का इंतजाम किया जाए। इसके बाद आव्रजन, कस्टम्स व अन्य संबंधित विभागों की मंजूरी लेकर आज तड़के राजपक्षे समेत 13 लोगों को लेकर ह 32 विमान माले पहुंचा। जब यह विमान वहां पहुंचा तो पहले उसे उतरने की इजाजत नहीं दी गई, लेकिन इसके बाद स्पीकर मोहम्मद नशीद के कहने पर विमान लैंड हो सका। गोतबाया के भागने के बाद श्रीलंका में हालात इतने बिगड़ गए हैं कि आपातकाल लगाना पड़ा है।

#### भारत ने नहीं की भागने में मदद

गोतबाया के श्रीलंका से सुरक्षित निकलने में भारत द्वारा मदद किए जाने की भी खबरें चल पड़ी थीं, लेकिन सरकार ने इसका स्पष्ट खंडन किया है। गोतबाया ने अमेरिका जाने की भी कोशिश की, लेकिन उन्हें वीजा देने से इनकार कर दिया गया। भारत ने राजपक्षे को देश से बाहर निकलने में मदद करने संबंधी खबरों को निराधार और अटकलबाजी बताया है। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने मीडिया की इन खबरों को खारिज किया।



### रूस में मंकीपॉक्स का पहला मामला दर्ज, ऑस्ट्रेलिया में जहाज का चालक दल और यात्री कोरोना संक्रमित

**मॉस्को, 13 जुलाई 2022।** रूस में मंकीपॉक्स का पहला मामला दर्ज किया गया है। उपभोक्ता सुरक्षा प्रहरी रोस्पोट्रेबनादजोर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसके वक्तव्य के मुताबिक, पीड़ित युवक हाल ही में यूरोपीय देशों की यात्रा से लौटा है। दूसरों में उससे संक्रमण फैलने की आशंका कम है। युवक में भी हल्के लक्षण हैं और उसके जीवन को खतरा नहीं है। मंकीपॉक्स के लक्षण फ्लू जैसे हैं और इससे पीड़ित की त्वचा पर दाने हो जाते हैं। इसे अफ्रीकी देशों की बीमारी माना जाता है। अब तक 50 देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने आ चुके हैं। इसके कुल पुष्ट मरीजों की संख्या 7600 से ज्यादा है।

# रात होगा सुपरमून का दीदार,धरती के पास आएगा चंद्रमा

**न्यूयॉर्क, 13 जुलाई 2022।** यदि आप पिछले माह सुपरमून देखने से चूक गए हैं, तो बुधवार को दोबारा इसका दीदार होगा। बुधवार को चंद्रमा की कक्षा उसे पृथ्वी के सामान्य से अधिक करीब लाएगी। इस खगोलीय घटना को सुपरमून कहा जाता है। यह एक खगोलीय घटना है जिसके दौरान चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है।

इस दौरान यदि मौसम अनुकूल हो तो चंद्रमा अधिक चमकीला और अधिक बड़ा दिखाई दे सकता है। बुधवार की पूर्णिमा को 'बक मून' नाम दिया गया है। ऐसा साल के उस समय के संदर्भ में किया गया है, जब हिरन के नए सींग उगते हैं। 14 जून को दिखे सुपरमून को 'स्ट्रॉबेरी मून' नाम दिया गया था क्योंकि यह पूर्णिमा स्ट्रॉबेरी की फसल के समय पड़ी थी। इसे 13 जुलाई की रात 12-07 मिनट पर देखा जा सकता है। इसके बाद यह तीन जुलाई 2023 को



दिखेगा।

#### धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम

13 जुलाई को धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाएगी। सुपरमून के दौरान चंद्रमा की दूरी धरती से सिर्फ 3,57,264 किलोमीटर रहेगी। सुपरमून का असर समुद्र भी दिखाई देगा। सुपरमून की वजह से समुद्र में उच्च और कम ज्वार की बड़ी श्रृंखला देखी जा सकती है। खगोलविदों के मुताबिक, सुपरमून के दौरान तटीय इलाकों में तूफान आ सकता है और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

इसके अलावा सुपरमून के कुछ घंटों बाद फुलमून नजर आएगा जिसे दो से तीन दिन तक देख सकते हैं। दरअसल यह फुलमून नहीं होगा, लेकिन चांद के आकार की वजह उसी तरह नजर आएगा। इसके अलावा इस दौरान परछाई की स्ट्रिप चांद पर बहुत पतली दिखाई देगी। चांद में बदलाव काफी धीरे होगा जिसकी वजह से फुलमून की ही तरह नजर आएगा। खुली आंखों से इस प्रकिया को देखना थोड़ा कठिन है।

#### कैसे सुपरमून शब्द की हुई शुरुआत?

सुपरमून शब्द की शुरुआत साल 1979 में हुई। ज्योतिषी रिचर्ड नोले ने इस शब्द को चलन में आया था। जब चंद्रमा धरती के निकटतम 90 फीसदी के दायरे में आता है, तो इस खगोलीय घटना को सुपरमून कहते हैं। सुपरमून को %बक मून% के नाम से भी जानते हैं। इसके साथ दुनिया भर में इसको अलग-अलग नाम से जाना जाता है।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश, 27 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, 13 जुलाई 2022।** पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। हजारों लोग बाढ़ में घिर गए हैं। विभिन्न जिलों में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई है। दर्जनों गांव जलमग्न हैं। बिजली आपूर्ति बाधित है। खेतों में पानी भर जाने से फसल खराब हो गई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अधिकारियों से सिंध, बलूचिस्तान और दक्षिण पंजाब में बारिश और बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। कराची में पुलिस और बचाव अधिकारियों ने बारिश के कारण 10 लोगों की मौत होने की सूचना दी। पाकिस्तान में मानसून की पहली भारी बारिश का सिलसिला मंगलवार को थम जरूर गया पर मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि गुरुवार से रविवार तक फिर बारिश होगी।

# कैसे कार्यकर्ताओं के एक छोटे समूह ने श्रीलंका में राजपक्षे परिवार को सत्ता से बेदखल कर दिया?

**कोलंबो, 13 जुलाई 2022।** श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों का विरोध लगातार जारी है। इस बार सभी प्रदर्शनकारी आर-पार के मूड में दिख रहे हैं और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के घरों में डेरा डाले हुए हैं। इन सभी का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती तब तक हम लोग यहां से हटने वाले नहीं है। लेकिन ये सब अचानक नहीं हुआ, इसमें देश के कुछ आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका है। आइए जानते हैं कि कैसे कार्यकर्ताओं के एक छोटे समूह ने श्रीलंका की सरकार को गिराने में अपनी भूमिका निभाई...



#### समुद्र तट के किनारे बने तंबू के शिविर में बनी योजना

जून में कुछ दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने कोलंबो में एक समुद्र तट के किनारे बने तंबू के शिविर में नियमित रूप से मिलना शुरू किया और घंटों तक छोटी-छोटी बैठकों में इस बात पर मंथन करना शुरू किया कि कैसे श्रीलंका के ध्वजांकित विरोध आंदोलन को पुनर्जीवित किया जाए। इस समूह में एक कैथोलिक पादरी, एक डिजिटल रणनीतिकार और एक लोकप्रिय नाटककार शामिल थे और यह आंदोलन उनकी बेतहाशा उम्मीदों से परे सफल माना जा रहा है।

#### कोलंबो में हजारों लोग सड़कों पर उतरे

कुछ ही हफ्तों में कोलंबो में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। शुरुआत में पुलिस के साथ झड़प के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सरकारी भवनों और आवासों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद प्रचंड बहुमत से चुने गए राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और उनके प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को पद छोड़ने का वादा करना पड़ा।

एक प्रमुख विज्ञापन फर्म में एक डिजिटल रणनीतिकार और सामाजिक कार्यकर्ता चमीरा डेडुवागे ने कहा कि ÷मैं अभी भी इस आंदोलन को जारी रखने की कोशिश कर रहा हूं।÷ चमीरा उस टीम का हिस्सा हैं जिन्होंने विद्रोह को व्यवस्थित करने में मदद की। डेडुवागे ने कहा कि ÷लोगों को पुलिस, विशेष कार्यबल और सेना के प्रतिरोध को तोड़ना पड़ा। यह उन तथ्यों का परिणाम है कि लोग अपनी बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं और बिना आकांक्षाओं के जीने को मजबूर हो गए हैं।÷ उन्होंने विरोध प्रदर्शन की सफलता पर कहा कि ÷यह 50 प्रतिशत पूर्वचिंतन और समन्वय का फल था, अन्य 30 प्रतिशत लोगों की इच्छा और 20 प्रतिशत भाग्य से हुआ।

#### अरागलया आंदोलन से कुर्सी छोड़ने को मजबूर हुए नेता

साक्षात्कारों में, उन छोटी बैठकों के दिग्गजों ने बताया कि कैसे उन्होंने आंदोलन में नई जान डालने के लिए एक बहु-आयामी अभियान पर सहमत हुए, जिसे व्यापक रूप से ÷अरागलया÷ या सिंहल में ÷संघर्ष÷ के रूप में जाना जाता है।

चमीरा ने कहा, ÷श्रीलंका के लोगों ने गोटबाया राजपक्षे पर से अपना भरोसा पूरी तरह खो दिया है। वे उसे एक विश्वासघाती के रूप में देखते हैं। हम केवल यह चाहते हैं कि कोई भी राजपक्षे परिवार का सदस्य सरकार में न रहे और उनमें से प्रत्येक को उनके अपराधों की सजा देने के लिए न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। विशेष रूप से वित्तीय अपराध के लिए ऐसा किया जाना चाहिए।÷ उन्होंने कहा, ÷गोटाबाया ने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। और हमें यकीन नहीं है कि ऐसा वास्तव में होगा।÷

#### मार्च में हुई थी आंदोलन की शुरुआत

आंदोलन की शुरुआत मार्च में हुई थी, जब हजारों लोग लंबी बिजली कटौती और बढ़ती कीमतों पर अपना गुस्सा निकालने के लिए सड़कों पर उतरे थे। आंदोलनकारी राजपक्षे परिवार पर भी पद को छोड़ने का दबाव बना रहे थे जोकि पीछे 20 वर्षों से देश की सत्ता में अहम किरदार निभा रहे है।

नौ मई को, राजपक्षे के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे (उस समय प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत) ने पद छोड़ दिया था। नौ जून को ही छोटे भाई बासिल राजपक्षे ने वित्तमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए, %अरागलया% के कार्यकर्ताओं ने नौ जुलाई का दिन चुना, इसी दिन वे राष्ट्रपति को बेदखल करने की उम्मीद कर रहे थे।

# गोतबाया के भागने के बाद श्रीलंका में आपातकाल लागू,रानिल विक्रमसिंघे बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

**कोलंबो , 13 जुलाई 2022।** राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के देश छोड़कर भागने के बाद श्रीलंका में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए यहां आपातकाल लागू कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी संसद और पीएम कार्यालय तक पहुंच गए हैं। उन्हें रोकने के लिए सुरक्षाकर्मी आंसू गैस के गोले दाग रहे हैं। बता दें कि राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के देश छोड़ने की खबर के बाद आम जनता में जबरदस्त गुस्सा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मीडिया संगठनों को सूचित किया कि देश में आपातकाल की स्थिति और पश्चिमी प्रांत में कर्फ्यू लगा दिया गया है।



**रानिल विक्रमसिंघे बने कार्यवाहक राष्ट्रपति**

श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री और संसद सदस्य रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है। बता दें कि श्रीलंका के संविधान के तहत, यदि राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री दोनों इस्तीफा देते हैं, तो संसद का अध्यक्ष अधिकतम 30 दिनों के लिए कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेगा। संसद अपने सदस्यों में से 30 दिनों के भीतर एक नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी, जो वर्तमान कार्यकाल के शेष दो वर्षों के लिए पद धारण करेगा।

**श्रीलंका में राष्ट्रपति को गिरफ्तारी से है छूट**

दरअसल, श्रीलंका में पदस्थ राष्ट्रपति को गिरफ्तारी से छूट प्राप्त है। ऐसे में माना जा रहा है कि गोतबाया राजपक्षे इस्तीफा देने से पहले विदेश भागना चाहते थे। उन्हें डर था कि इस्तीफा देते ही गोतबाया को गिरफ्तार किया जा सकता है। बता दें, गोतबाया को आज अपना इस्तीफा देना था।

**गोतबाया के मालदीव भागने की वायु सेना ने की पुष्टि**

श्रीलंका की वायु सेना ने पुष्टि की है कि राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे अपनी पत्नी के साथ मालदीव रवाना हो गया। बयान में कहा गया है कि, संविधान के प्रावधानों के तहत और सरकार के अनुरोध पर श्रीलंका की वायु सेना ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और दो सुरक्षा अधिकारियों को मालदीव के लिए उड़ान भरने के लिए आज तड़के एक विमान उपलब्ध कराया।

# पिटकेर्न द्वीप में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**पिटकेर्न द्वीप , 13 जुलाई 2022।** पिटकेर्न द्वीप में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां इसकी तीव्रता 6.3 रही। भूकंप से किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इसकी जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने दी है।




**कैसे आता है भूकंप?**

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

**भूकंप की तीव्रता**

रिक्टर स्केल पर 2.0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है।

लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

# सुदूर ग्रह में मिले पानी, बादल व धुंध के संकेत,नासा की टेलीस्कोप ने लगाया पता

**वॉशिंगटन , 13 जुलाई 2022।** पृथ्वी के परे जीवन की तलाश में नासा समेत दुनियाभर की अंतरिक्ष एजेंसियां लंबे से जुटी हैं। इस दिशा में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक विशाल ग्रह पर पानी, बादल और धुंध का पता लगाया है। इस ग्रह के वातावरण में गर्म गैस छाई है। यह ग्रह सूर्य जैसे ग्रह की परिक्रमा कर रहा है।

नासा के अनुसार इस ग्रह डब्ल्यूएएसपी-96 ड्ढ के वातावरण का वेब टेलीस्कोप ने विश्लेषण किया है। इससे टेलीस्कोप की अभूतपूर्व क्षमता का भी पता लगा है। यह अपने तरह का अब तक का सबसे विस्तृत विवरण है। WASP-96 b ग्रह आकाशगंगा में मौजूद 5,000 से अधिक ग्रहों में से एक है।

नासा ने बुधवार को बताया कि यह ग्रह मोटे तौर पर दक्षिणी-आकाश नक्षत्र फीनिक्स से लगभग 1,150 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित है। यहां विशाल मात्रा में गैस है। इसका वजन द्रव्यमान बृहस्पति के आधे से कम है और



इसका व्यास बृहस्पति से 1.2 गुना अधिक है। नासा ने बताया कि यह ग्रह हमारे सूर्य की परिक्रमा करने वाले किसी भी ग्रह की तुलना में बहुत अधिक उभरा हुआ है। उसका तापमान 538 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। यानी यह काफी गर्म है।

#### टेलीस्कोप दिखा रहा अंतरिक्ष के रंगीन नजारे

दरअसल, जेम्स वेब टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष के ऐसे नजारे दिखाने शुरू कर दिए हैं, जो पहले कभी इतनी स्पष्टता के साथ नहीं देखे गए। अंतरिक्ष की फोटो के बाद मंगलवार को नासा ने जेम्स वेब टेलीस्कोप ने ऐसी तस्वीरें जारी की जो अद्भुत है। इसमें अंतरिक्ष के तारे बेहद चमकते हुए दिख रहे हैं और इनके साथ भूरे-लाल-पीले रंग के बादलों का पहाड़ और घाटियां हैं।

#### कैरीना नेबुला की पहली बार इतनी साफ तस्वीरें मिलीं

दरअसल उक्त नजारा कैरीना नेबुला का है। पहले भी इसकी तस्वीरें मिली थीं, लेकिन पहली बार इतनी स्पष्ट तस्वीर मिली है। किसी तारे के निर्माण से संबंधित हिस्सों की तस्वीरें नहीं मिल पाती, लेकिन पहली बार जेम्स वेब टेलीस्कोप ने बेहद बारीक वस्तुओं की भी तस्वीर ली है।

#### जेम्स वेब टेलीस्कोप की बड़ी छलांग

इससे पहले हबल स्पेस टेलीस्कोप ने बीते दो दशकों में कई ग्रहों के वायुमंडल का विश्लेषण किया था। इसने 2013 में अंतरिक्ष में पानी की पहली स्पष्ट पहचान की थी, लेकिन जेम्स वेब टेलीस्कोप ने पृथ्वी से परे संभावित रहने योग्य ग्रहों का पता लगाने की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है।

# एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर खदान कोल स्टॉप गड़बड़ी मामले में शिकायत के बावजूद अभी तक नहीं हुई जांच शुरू?



» शिकायतकर्ता ने तमाम स्टेट व सेन्ट्रल एजेंसियों को कोल स्टॉक में गड़बड़ी की शिकायत की इसके बावजूद जांच एजेंसी नहीं पहुंची जांच में।
» क्या मामले को रफा-दफा करने के लिए जांच एजेंसियां दे रही है एसईसीएल बिश्रामपुर को मोहलत?
» कोल मेजरमेंट रिपोर्ट में सर्वे टीम ने कोयला स्टॉक कम व स्टॉक में पत्थर मिलाने की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी-सूत्र।
» जांच एजेंसियों को अब तक 8 हजार टन कोल स्टॉक गड़बड़ी मामले में पहुंच जाना था बिश्रामपुर क्षेत्रःशिकायतकर्ता।
» विजिलेंस सहित सीबीआई को शिकायत 8 हजार टन कोयले गड़बड़ी की हुई शिकायत।
» रेहर खदान में 8 हजार टन कोयला होने का दावा और जमीनी हकीकत कुछ और।
» क्या 8 हजार टन कोयला रेहर खदान में मौजूद है और यदि है तो कहां है?
» रिकॉर्ड के अनुसार 8 हजार टन कोयला मौजूद पर खदान के पास 8 सौ टन कोयला भी नहीं?
» अधिकारी आनन-फानन में पत्थर और मिट्टी मिलाकर 8 हजार टन स्टॉक पूरा करने की जुगत में आखिर कब पहुंचेगी जांच टीम?
» कोयला हेराफेरी के मामले में एक बार फिर बिश्रामपुर क्षेत्र का नाम आया सामने।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।**
एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रेहर उपक्षेत्र के रेहर खदान में 8 हजार टन कोयला गड़बड़ी की शिकायत विजिलेंस सहित सीबीआई को की गई थी पर शिकायत के लगभग 10 दिन बाद भी कोई भी इस मामले की जांच करने नहीं पहुंचा जाँच एजेंसी, वही इस पूरे मामले को रफा-दफा करने के लिए जांच एजेंसियों पर भी आरोप लगने लगे की आखिर जांच एजेंसी क्यों एसईसीएल को मोहलत दे रही है, सूत्रों की माने तो वहां पर पदस्थ सह क्षेत्र प्रबंधक का तबादला भी आमगांव सहक्षेत्र में कर दिया गया, वही कोल स्टॉक का मेजरमेंट रिपोर्ट भी सर्वे विभाग द्वारा उच्च अधिकारियों को दी गई है जिसमें 3000 टन कोयला कम होना बतया गया है और जो कोयला वहां मौजूद है उसमें भी भारी मात्रा में पत्थर मिलना बताया गया, ऐसे में यह कोल स्टॉक मामले में बड़ी गड़बड़ी है पर इतनी बड़ी गड़बड़ी होने के बावजूद जांच एजेंसी इतनी सुस्त क्यों है?

कोल स्टॉक गड़बड़ी मामले में खान प्रबंधक की भूमिका अहम मानी जा रही है सहक्षेत्र प्रबंधक तबादला के बाद अभी वहां का चार्ज खान प्रबंधक के पास ही है और खान प्रबंधक 8 हजार टन कोयले गड़बड़ी को रफा-दफा करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं, जिसके लिए महाप्रबंधक कार्यालय भी इनका सहयोग करता नजर आ रहा, जबकि खान प्रबन्धक को तत्काल पद से पृथक कर जांच कराया जाना चाहिए था पर वहां उन्हें ही रखकर जांच की जा रही है जो जांच को प्रभावित करने जैसा माना जा रहा है। खान प्रबंधक पूछे जाने पर कहा था कि कोल स्टॉक में कोई गड़बड़ी नहीं है जितना कोयला होना चाहिए था उतना कोयला है पर कोयले की गड़बड़ी की शिकायत हुई है और शिकायत भी बहुत बड़े स्तर पर की गई है इसके बावजूद जांच का शुरू ना होना संध्यास्पत्त लग रहा है।

## यह है मामला

एसईसीएल क्षेत्र में अक्सर कोयले में हेराफेरी का मामला सुनने को मिलता है कहीं ज्यादा तो कहीं कम कुछ साल पहले कोयले में बड़ी मात्रा में हेराफेरी को लेकर बिश्रामपुर क्षेत्र काफी चर्चित रहा था, जहां कई अधिकारियों को जेल की हवा भी खानी पड़ी थी, एक बार फिर बिश्रामपुर एससीसीएल क्षेत्र के रेहर खदान में बड़ी मात्रा में कोयला हेराफेरी का मामला फिर सामने आया है, जिसे लेकर मुख्य सतर्कता अधिकारी एसईसीएल बिलासपुर को शिकायत की गई है और जल्द से जल्द जांच की मांग की गई है, शिकायतकर्ता के अनुसार 8 हजार टन कोयला स्टॉक में होना बताया जा रहा है पर वास्तविक स्थिति में खदान के पास 8 हजार टन कोयला मौजूद दिख नहीं रहा, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब प्रबंधन 8000 टन कोयला होना बता रही है तो आखिर यह कोयला कहां है, वही शिकायत के बाद इस प्रबंधन हरकत में है और जल्दी-जल्दी 8000 टन कोयले का स्टॉक बनाने में जुट गई है, जिसके लिए मिट्टी से लेकर पत्थर तक मिलाने का कार्य प्रबंधन बड़ी तेजी से कर रहा है, अब देखना यह है कि 8000 टन कोयला दिखाने से पहले जांच टीम पहुंच पाती है या फिर एसईसीएल को 8000 टन कोयला स्टॉक मेंटेन करने के लिए समय देती है?






## यह हुई शिकायत

शिकायतकर्ता सुजीत कुमार ने महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, कोयला मंत्री,निदेशक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, मुख्य सतर्कता आयुक्त, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो छत्तीसगढ़, निदेशक, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल, सीपतरोड बिलासपुर, तकनीकीनिदेशक (संचालन), एसईसीएल बिलासपुर, तकनीकी निदेशक पी एंड पी एसईसीएल बिलासपुर, जिलाधीश सूरजपुर जिला, पुलिस अधीक्षक को शिकायत करते हुए बतया की बिश्रामपुर क्षेत्र के रेहर खदान में 8000 टन कोयला होना बतया जा रहा है परंतु वहां की वास्तविक स्थिति में कोयला ना के बराबर मौजूद है जिसे अधिकारियों द्वारा कि हेरा फेरी को छुपाने हेतु प्रतिदिन केउत्पादन से कोयला को स्टॉक में गिराया जा रहा है जिससे उन के द्वारा किए गए हेराफेरी को छुपाया जा सके। सूत्रों के अनुसार नवपदस्थ उपक्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा स्टॉक में गड़बड़ी के कारण अब तक उसका चार्ज नहीं लिया गया है।

## पत्थर और मिट्टी मिला कोल स्टॉक को 60 प्रतिशत किया मेंटेन 40 प्रतिशत अभी भी कम

सूत्रों की माने तो प्रबंधन इस मामले की शिकायत होते ही बड़ी तेजी से नीचे पत्थर बिछा उस पर कोयला उत्पादन कर बिछा गया और यह बताएगा की यह पूरा कोयला है जबकि वह कोयला नहीं मिट्टी व पत्थर है, आखिर 8 हजार टन कोयला का स्टॉक मेंटेन करने में प्रबंधन इतना परेशान है कि कुछ भी करके 8 हजार टन कोयला दिखाने का प्रयास कर रहा है, एक तरफ जहां कोयले का उत्पादन हो रहा है उस उत्पादन से कुछ कोयला कम दिखाकर उसे स्टॉक में रखा जा रहा है ताकि मिट्टी व पत्थर के साथ मिलाकर स्टॉक को मेंटेन कर लिया गया है, सूत्रों का यह भी कहना है की 60 प्रतिशत स्टॉक मेंटेन पत्थर व मिटटी मिला कर, इस के बावजूद 40 प्रतिशत कोल स्टॉक कम है।

# भाजयुमो जिला कोरिया के महामंत्री जिलाध्यक्ष से ज्यादा दिखे सक्रिय

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।**
प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोरिया जिला आगमन पर जिलेभर में भाजयुमो पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के ऊपर वादा खिलाफी का आरोप लगाकर उनका विरोध किया और यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में जारी रहा यह भी देखने को मिला और प्रदेश भर में जहां जहां मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम हुआ वहां वहां मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व भाजयुमो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियां भी हुई यह भी देखने को मिला।
कोरिया जिला आगमन पर बैकुंठपुर, सोनहत सहित अन्य जगहों पर भी मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व भाजयुमो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। कोरिया जिले में पूरे अभियान का जिम्मा भाजयुमो के जिला महामंत्री सम्हालते दिखे सोशल मीडिया सहित मैदानी स्तर पर भी उन्हें काफी सक्रिय देखा गया और उनकी भी गिरफ्तारी हुई। पूरे विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो के जिलाध्यक्ष को विरोध प्रदर्शन के दौरान नदारत देखा गया



जबकि उनकी भी उपस्थिति होनी थी क्योंकि यह प्रदेश स्तर पर जारी संगठन का आहवान था। जिलाध्यक्ष भाजयुमो क्यों नदारत दिखे इसको लेकर अब सवाल उठ रहा है क्योंकि हर छोटी छोटी बात पर सोशल मीडिया में सक्रिय दिखने वाले भाजयुमो के जिलाध्यक्ष का मुख्यमंत्री के आगमन पर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान अनुपस्थित होना संगठनात्मक दृष्टि से सही नहीं माना ज सकता। जिलाध्यक्ष सहित अन्य कई जिला पदाधिकारियों को भी विरोध प्रदर्शन से दूर देखा गया और कुछ को मुख्यमंत्री के घोषणाओं पर ताली बजाते देखा गया यह भी बात उठ रही है। जबकि प्रदेश से जारी आह्वान की सफलता जा जिम्मा पूरे संगठन को था और खासकर जिलाध्यक्ष सहित जिले के पदाधिकारियों का जो जिम्मेदार पदों पर हैं। कुछ भाजयुमो के ही कार्यकर्ताओं का कहना है कि कुछ ऐसे पदधिकारी हैं जो केवल फोटो खिंचवाने में माहिर हैं जहां विरोध की बात आती है वह इसलिए मौन हो जाते हैं क्योंकि उनका व्यवसाय प्रभावित होने का उन्हें भय होता है। जिलाध्यक्ष के विरोध प्रदर्शन से नदारत होने पर भी कुछ जो राय सामने आई उसमें यही चर्चा आम थी कि पता नहीं क्यों उन्होंने दूरी बनाए रखी कार्यक्रम से जबकि ऐसे वह सोशल मीडिया में सक्रिय रहते हैं।

# सावन श्रृंगार मेला का उद्देश्य सिर्फ महिलाओं को एक प्लेटफार्म प्रदान करना

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।**
पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन में एक बार फिर सावन श्रृंगार मेला सीजन 2- के आयोजन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इस आयोजन को लेकर महिलाओं के ग्रुप की प्रमुख सविता सिंह ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि यह आयोजन 16 जुलाई को नगर के खरसिया चौक के समीप सिमरन पार्टी लॉन में रखा गया है। यह आयोजन सिर्फ महिलाओं के लिए है। ऐसी महिलाएं जो अपने घरेलू दिनचर्या में व्यस्त रहती हैं या फिर नौकरी में रहने के बाद दूसरा और कोई काम नहीं कर पाती, उन महिलाओं को एक प्लेटफार्म प्रदान करना इस आयोजन का उद्देश्य है। इस आयोजन में 4 कैटेगरी की महिलाओं को शामिल किया गया है। जिसमें शादीशुदा और अनमैरिड के अलावा सासू मां और दादी मां के लिए एक ही छत के नीचे कई इवेंट कराया जाएगा। इस आयोजन में सभी समुदाय की महिलाएं हिस्सा ले सकती हैं। सावन श्रृंगार मेला में ड्रेस कोड हरे रंग का होगा। आयोजन में हर कैटेगरी में सावन सुंदरी का भी चुनाव किया जाएगा। इसके अलावा डांस प्रतिभागियों के लिए कई इवेंट्स रखे गए हैं। आयोजन कर्ता महिलाओं ने बताया कि इस बार सावन श्रृंगार मेला में 400 से ज्यादा महिलाओं की उपस्थिति कि उन्हें उम्मीद है। यह आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा और इसके लिए सिर्फ एंट्री फीस ढाई सौ रुपए जमा करनी होगी। यह भी बताया गया कि इस आयोजन में मेकअप आर्टिस्ट संबलपुर से सुनीता सोनी व झारसुगड़ा से समाजसेवी ममता पटवा के साथ-साथ कई अतिथि भी शामिल हो रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान ग्रुप की सदस्य संध्या सिंह, रानू सिंह ,सपना सिंह, ऐश्वर्या डबराल, आशा श्रीवास्तव, संगीता सिंह मौजूद थे।




# सलाहकार समिति के सदस्य का दायित्व मलते ही राजन कार्यों में जुटे

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।**
कोरिया जिले के भरतपुर सोनहत विधानसभा के युवा कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडे एक ऐसे युवा नेता है जिन्हें जिम्मेदारी यदि मिलती है तो उस जिम्मेदारी को वह बड़ी शिद्दत व लगन से निभाते हैं, मिली जिम्मेदारी को वह लोगो के हित के लिए समर्पित कर देते हैं, यही वजह है की सांसद व विधयाक राजन पाण्डे पर अटूट भरोसा करते है, हाल ही में राजन पाण्डे को विधयाक गुलाब कमरों के अनुशंसा पर कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के द्वारा भारत संचार निगम लिमिटेड (भारत सरकार उपकरण) छत्तीसगढ़ के टेलीफोन का सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया था, सदस्य बनते ही राजन पांडे क्षेत्र के लोगो की बीएसएनएल से संबंधित समस्यों को लेकर भारत संचार निगम बिलासपुर के महाप्रबंधक से मुलाकात करने पहुच गए, जहा सलाहकार समिति के सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने भारत संचार निगम बिलासपुर के महाप्रबंधक से मुलाकात के दौरान समस्यों पर लंबी चर्चा करते हुए कहा की जिला व संभाग स्तर पर बीएसएनएल को लेकर लोग काफी परेशान रहते है, कोरिया जिले में अधिकांश समय बीएसएनएल का नेटवर्क नही रहने की वजह से लोगो का संम्पर्क नहीं हो पता है जानकारी देते हुए तत्काल आवश्यक सुधार की मांग किया, जिले व संभाग स्तर पर बीएसएनल से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें बताया कि बीएसएनल भारत सरकार का उपकरण है और इस उपकरण पर लोगों का अटूट विश्वास है पर सुविधा व सर्विस अच्छी ना मिलने की वजह से लोगों का आक्रोश भी बीएसएनल के प्रति देखा जाता है, उन्होंने यह भी बतया की बीएसएनल कैसे उपभोक्ताओं के लिए अच्छा हो सकता है इसके लिए उन्होंने उचित सलाह देते हुए कहा की बीएसएनल का प्लान सब से सस्ता है फिर भी बेहतर सर्विस ना होने की वजह से लोग इसका उपयोग करने से कतराते हैं बीएसएनल के लिए लोगों की धारणा गलत होती जा रही है जिससे बेहतर सर्विस से अच्छा किया जा सकता है। गांव-गांव में बीएसएनल का नेटवर्क का जाल बिछा हुआ है बस उसे बेहतर सर्विस से अच्छा किया जा सकता है आज भी बीएसएनल चाहे तो गांव को दूरसंचार की कनेक्टिविटी से जुड़ सकता है जहां पर आज भी किसी भी कंपनी का नेटवर्क नहीं पकड़ता कोरिया जिले में कई ऐसे गांव है जहां आज भी लोग फोन नहीं रखते क्योंकि नेटवर्क नहीं रहता, यदि उन गांव में संचार क्रांति को बढ़ाना है तो वहां पर मोबाइल नेटवर्क के लिए नए टावर लगाया जा सकता है, कुछ ऐसे भी जगह है जहां पहले से ही बीएसएनल का टावर लगे थे और देखरेख के अभाव में वह बंद पड़े हुए हैं, उसके सामान चोरी हो गए हैं जबकि उसमें लाखों खर्च करने के बावजूद वह टावर लोगों के उपयोग नहीं आ रहा, सोनहत में नेटवर्क ना होने की बात पर महा प्रबन्धक ने तत्काल आवश्यक सुधार एवं खराब बैटरी को बदलने के निर्देश दिए, इस दौरान मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रेम सागर तिवारी भी उपस्थित रहे।



## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

क्र./CSMCL/2022/1026 बलरामपुर,दिनांक 08/07/2022

**वर्ष 2022-23 में सीसीटीवी कैमरा वार्षिक मेंटनेंस कार्य हेतु सीमित निविदा सूचना**

वर्ष 2022-23 (1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023 तक) हेतु बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की कुल 05 विदेशी मदिरा दुकानों में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरा, एन.व्ही.आर. मॉनिटर एवं उसके सम्बद्ध समस्त उपकरणों के वार्षिक रखरखाव (AMC)/ मेंटनेंस के लिए निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्तें एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत कार्यालयीन समय में दिनांक 27.07.2022 तक जिला आबकारी कार्यालय से रूपए 500/-नगद शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.07.2022 को अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. कलेक्टोरेट बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) नियत है। नियत तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को उसी दिनांक 27.07.2022 को अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति के समक्ष निर्धारित शर्तों के अधीन खोला जावेगा।
किन्हीं भी कारणों से निविदा किसी भी समय स्थगित/निरस्त की जा सकेगी।

**जिला आबकारी अधिकारी,**
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

**जी नम्बर -92882/2**

# सरगुजा संभाग आयुक्त चुरेंद्र की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति समुदाय प्रमुखों के साथ बैठक संपन्न




-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 13 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** सरगुजा संभाग आयुक्त श्री जी आर चुरेंद्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति समुदाय प्रमुखों के साथ बैठक की गई। बैठक में अलग अलग जातियों में जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर चर्चा की गई एवं निराकरण के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। संभागायुक्त श्री चुरेंद्र ने बैठक में कहा कि शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के नियमों में सरलीकरण किया गया है। जिससे लोगों को प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सुविधा हो रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) नियम 2013 के प्रावधानों के तहत जहां जाति को प्रमाणित करने हेतु कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं हो तो ग्राम सभा द्वारा आवेदक की जाति के संबंध में पारित संकल्प को मान्य करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। इसी तरह से नगर पंचायत या नगरपालिका परिषद अथवा सामान्य सभा द्वारा की गई उद्घोषणा को जाति तथा मूल निवासी के संबंध में साक्ष्य के रूप में मान्य करते हुए नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए।
इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र जारी करते हुए विशेष ध्यान रखें जिससे अपात्र व्यक्ति को प्रमाण पत्र ना मिले। उन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में कार्यवाही की भी जानकारी दी। बैठक में पाव पबिया के जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही समस्या से अवगत कराया गया जिसपर संभाग आयुक्त ने आदिम जाति अनुसंधान के अधिकारियों को विशेष अध्ययन कर समाधान करने की बात कही। इसी तरह फर्जी पट्टे की शिकायत संज्ञान में आने पर तुरंत एफआईआर कराने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। बैठक में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं समुदाय प्रमुख उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन मकान में चोरी करने पहुंचे चोर

-नगर संवाददाता-
**अम्बिकापुर, 13 जुलाई 2022(घटती-घटना)।**
शहर के नमनाकला रिंग रोड में स्थित एक निर्माणाधीन मकान में बुधवार को दिन दहाड़े चार चोर ऑटो लेकर आए और निर्माणाधीन मकान में पड़े सामान को ऑटो में लोड करने लगे। मकान में काम कर रहे मजदूर पास पड़ोस के लोगों ने सामान ले जाने के बारे में पूछा तो चोरों ने कहा कि मकान मालिक से सामान खरीद लिया है। लोगों को संदेह होने पर मकान मालिक मुखचंद जायसवाल को दी गई। जिनके द्वारा समान बेचे जाने की बातें इनकार किया गया यह बात सुनकर मजदूरों और स्थानीय लोगों को यह समझते देर नहीं लगी किया कोई खरीददार नहीं बल्कि कोई शातिर चोर है जिसके बाद ऑटो से चोरी करने पहुंचे चोरों को मजदूरों और स्थानीय लोगों ने पकडने की कोशिश की पर मौके का फायदा उठाकर 3 चोर मौके से फरार हो गए वह एक चोर को लोगों ने पकड़कर बंधक बना लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0- /अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुजीत कुमार अम्बष्ट आ0 स्व0 सत्य नारायण अम्बष्ट, उम्र-45 वर्ष,जाति कायस्थ, निवासी मोहल्ला भटठीरोड केदारपुर नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2 अम्बिकापुर जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ के व्यवहारवाद क्रमांक-95/2022 (सुजीत कुमार अम्बष्ट पति श्रीमती शांति अम्बष्ट व 02 अन्य) में पारित आदेश एवं डिक्री दिनांक 14/05/2022 के परिपालन में मोहल्ला भट्ठीरोड नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भूमि भूखण्ड क्रमांक 1951/3, रकबा-0.12 एकड़ भूमि आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक-01 से 03 के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, जिसे वाद भूमि के नाम से संबोधित किया जावेगा। उक्त वादभूमि क्रमांक-1951/3 रकबा-0.12 एकड़ (12 डिसमिल)में से 04डिसमिल भूमि आवेदक/वादी सुजीत कुमार अम्बष्ट तथा शेष भूमि में से 2.6 डिसमिल भूमि अनावेदक/प्रतिवादी क्रमांक-1 श्रीमती शांति अम्बष्ट को 2.6 डिसमिल अनावेदक/प्रतिवादी क्रमांक-2विजय अम्बष्ट को तथा 2.6 डिसमिल भूमि अनावेदक/प्रतिवादी क्रमांक-03 विवेक अम्बष्टको बंटवारे में प्राप्त हुआ है। आवेदक उक्त डिक्री एवं पारित निर्णय दिनांक -14/05/2022 के आधार पर वादभूमि में अपना और अनावेदकगणों का नाम पृथक दर्ज किए जाने हेतु आदेश एवं डिक्री की छायाप्रति सहित आवेदक पत्र पेश किया है।
अतः उक्त भूखण्ड के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0- /अ-20(3)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञान श्रुति जायसवाल आ0 स्व0 गोवर्धन जायसवाल उम्र-42 वर्ष निवासी-चोपड़ापारा,नगर अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 नेआवेदन पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि उनके स्वामित्व एवं हक की मोहल्ला-चोपड़पारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लॉट नम्बर 9/125 रकबा 1198.6 वर्गफीट भूमि दर्ज है। आवेदक ज्ञान श्रुति जायसवाल आ0 स्व0 गोवर्धन जायसवाल, उम्र-42 वर्ष निवासी चोपड़ापारा,नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा उक्त आवेदित नजूल भूमि प्लॉट नम्बर 9/125 रकबा 1198.6 वर्गफीट भूमि को निजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के समर्थन में मेन्टेनेश खसरा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर






CMYK

# अपने कोच सच्चा बाजिन से अलग हुईं करोलिना प्लिस्कोवा

**प्राग,13 जुलाई 2022।** विश्व की पूर्व नंबर 1 और दो बार की ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट चेक गणराज्य की करोलिना प्लिस्कोवा दो साल से भी कम समय के बाद अपने कोच सच्चा बाजिन से अलग हो गई हैं। 30 वर्षीय प्लिस्कोवा ने सोशल मीडिया पर अपनी साझेदारी को अविश्वसनीय बताते हुए अलग होने की घोषणा की और अपने कोच को सर्वश्रेष्ठ कोचों में से एक बताया। उन्होंने ट्वीट किया, अच्छी चीजें भी खत्म हो जाती हैं। उन्होंने मेरे और मेरी टीम के लिए जो कुछ भी किया उसके लिए मैं सच्चा बाजिन को धन्यवाद देना चाहती हूं। यह एक अविश्वसनीय समय था और मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा! मुख्य रूप से अधिक सकारात्मक कैसे बनें और खुद पर विश्वास करें वह सर्वश्रेष्ठ कोचों में से एक हैं, मेरे दोस्त को शुभकामनाएं। 2021 सीजन से पहले, नाओमी ओसाका को उनके चार ग्रैंड स्लैम खिताबों में से दो के लिए कोचिंग देने से पहले प्लिस्कोवा ने बाजिन के साथ जोड़ी बनाई, जो महान अमेरिकी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स के पूर्व हिटिंग पार्टनर थे। 2018 डब्ल्यूटीए कोच ऑफ द ईयर, बाजिन ने पहले क्रिस्टीना म्लादेनोविक और दयाना यास्त्रेमस्का के साथ भी काम किया है। बाजिन के कोचिंग में प्लिस्कोवा विंबलडन में अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची, जहां उन्हें पूर्व विश्व नंबर 1 एशले बार्टी ने तीन सेटों में हराया। चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन और मिडिल ईस्ट स्विंग टूर्नामेंट में न खेल पाने के बाद प्लिस्कोवा ने मार्च में परिबास ओपन 2022 में पदार्पण किया।

# आईसीसी ओडीआई टीम रैंकिंग में पाकिस्तान को पछाड़कर भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा

## इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में एकतरफा जीत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टीम रैंकिंग में पाकिस्तान को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया



**दुबई 13 जुलाई 2022।** इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में एकतरफा जीत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टीम रैंकिंग में पाकिस्तान को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। भारत 105 अंकों के साथ चौथे स्थान पर था लेकिन 10 विकेट की जीत के साथ उसके 108 रेटिंग अंक हो गए हैं।

पाकिस्तान 106 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया है। न्यूजीलैंड 126 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है जबकि इंग्लैंड 122 अंक के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीनस्वीप के साथ पाकिस्तान भारत को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा था।

श्रीलंका के खिलाफ आस्ट्रेलिया के एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने से भी उसे मदद मिली। टीम हालांकि लंबे समय तक तीसरे स्थान पर नहीं रह सकी और भारत एक बार फिर इस स्थान पर काबिज हो गया। इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो एकदिवसीय और वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करके भारत तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर सकता है। भारत अगर इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दोनों वनडे गंवा देता है तो फिर टीम पाकिस्तान के बाद चौथे स्थान पर खिसक जाएगी। पाकिस्तान अगली एकदिवसीय श्रृंखला अगले महीने रोटरडम में नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। बाबर आजम की अगुआई वाली टीम दौरे पर पांच दिन में तीन 50 ओवर के मुकाबले खेलेगी।

# आईसीसी रैंकिंग में हरमनप्रीत, अटापट्टू ने की उन्नति

**दुबई 13 जुलाई 2022।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने दोनों देशों के बीच खेली गयी एकदिवसीय श्रंखला के आखिरी मैच के बाद आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगायी है। आईसीसी की ओर से जारी ताज़ा रैंकिंग के अनुसार हरमनप्रीत आखिरी मैच में 75 रन की पारी की बदौलत एक पायदान ऊपर उठकर 13वें स्थान पर आ गयी हैं। दूसरी ओर, अटापट्टू की 44 रन की पारी ने उन्हें दो पायदान ऊपर पहुंचाकर उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचा दिया। पांच साल पहले भी अटापट्टू आईसीसी महिला विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 143 गेंदों पर 178 रन बनाकर आठवें पायदान पर रह चुकी हैं। तीन मैचों की श्रंखला में 119 रन और तीन विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गयीं हरमनप्रीत गेंदबाजों में भी आठ पायदान ऊपर उठकर 71वें और ऑलराउंडरों में चार पायदान ऊपर 20वें स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा शेफाली वर्मा (तीन स्थान ऊपर उठकर 33वें), यस्तिका भाटिया (एक स्थान ऊपर 45वें) और पूजा वस्त्राकर (आठ स्थान ऊपर 53वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में उन्नति की है।



गेंदबाजों में राजेश्वरी गायकवाड तीन पायदान उठकर नौवें स्थान पर, मेघना सिंह चार स्थान उठकर 43वें स्थान पर और वस्त्रकार दो स्थान की उन्नति के साथ 48वें स्थान पर आ गयी हैं।

# इंग्लैंड की जमीन पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज बने बुमराह

**लंदन, 13 जुलाई 2022।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में केवल 19 रन देकर 6 विकेट हासिल करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंबाज जसप्रीत बुमराह ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। बुमराह ने इंग्लैंड में एक भारतीय गेंदबाज द्वारा एकदिवसीय मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। उन्होंने स्पिनर कुलदीप यादव को पीछे छोड़ा, जिन्होंने वर्ष 2018 में नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

इसके अलावा बुमराह ने वनडे में एक भारतीय गेंदबाज द्वारा तीसरा सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा भी दर्ज किया, जो अब केवल स्टुअर्ट बिन्नी (6/4) और अनिल कुंबले (6/12) से पीछे हैं। वह एकदिवसीय मैचों में एक पारी में छह विकेट लेने वाले 10 भारतीय गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए। पहले एकदिनी मैच की बात करें तो इस मुकाबले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना।



बुमराह ने दूसरे ओवर में जेसन रॉय और जो रूट को पवेलियन भेज दिया। दोनों बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए।

इसके बाद उन्होंने खतरनाक जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन को आउट किया। बुमराह ने 7.2 ओवरों में 3 मेडन के साथ 19 रन देकर 6 विकेट लिया।

बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 110 रनों पर समेट दिया, जो भारत के खिलाफ 50 ओवर के प्रारूप में उनका सबसे कम स्कोर था। इंग्लैंड के शीर्ष छह में से चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी ने तीन और प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट लिया। जवाब में, रोहित शर्मा (नाबाद 76) और शिखर धवन (नाबाद 31) की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने 18.4 ओवर में 114 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

# 250 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, 13 जुलाई 2022।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। रोहित ने इस मैच में महज 58 गेंदों में नाबाद 76 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें उन्होंने सात चौके और पांच छक्के लगाए। इसी के साथ रोहित एकदिवसीय प्रारूप में 250 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। 19वें ओवर में तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स की दूसरी गेंद पर फाइन लेग एरिया से छक्का लगाने के साथ ही रोहित ने इस मुकाम को हासिल कर लिया। अब, वह सनथ जयसूर्या(270), क्रिस गेल (331) और शाहिद अफरीदी (351) के बाद वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे नंबर पर हैं।

पहले एकदिनी की बात करें तो इस मुकाबले में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने भारतीय तेज गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिये और पूरी टीम 25.2 ओवरों में 110 रनों पर सिमट गई। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 7.2 ओवरों में 3 मेडन के साथ 19 रन देकर 6 विकेट लिये, बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी ने तीन और प्रसिद्द कृष्णा ने 1 विकेट लिया। इंग्लैंड के शीर्ष छह में से चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। जवाब में, रोहित शर्मा (नाबाद 76) और शिखर धवन (नाबाद 31) की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने 18.4 ओवर में 114 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

# मंजूनाथ ने श्रीकांत को हराकर उलटफेर किया,सिंधू भी जीती

**सिंगापुर , 13 जुलाई 2022।** भारत के मिथुन मंजूनाथ ने उलटफेर करते हुए बुधवार को यहां हमवतन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को हराया जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही। अप्रैल में ओरलियांस मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले मंजूनाथ ने दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे में 21-17 15-21 21-18 से हराया। दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ अगले दौर में आयरलैंड के एनहाट एनगुएन से भिड़ेंगे। इससे पहले सिंधू को महिला एकल के पहले दौर में दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी बेल्जियम की लियाने टैन को 21-15 21-11 से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

# मुकेश खन्ना की शक्तिमान में सुपरहीरो बनेंगे रणवीर सिंह?

दिग्गज अभिनेता मुकेश खन्ना ने 90 के दशक में धारावाहिक शक्तिमान से खूब वाहवाही बटोरी थी। उन्होंने हाल में ऐलान किया था कि वह इसी कॉन्सेप्ट पर फिल्म शक्तिमान बनाएंगे। जब से फिल्म की घोषणा हुई है, तभी से दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म के लिए अभिनेता रणवीर सिंह को अप्रोच किया गया है। वह इसमें मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं।




रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर को शक्तिमान में सुपरहीरो की भूमिका निभाने की पेशकश की गई है। खबरों की मानें तो उन्होंने फिल्म का हिस्सा बनने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, अभिनेता ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को साइन नहीं किया है। एक सूत्र ने कहा, रणवीर ने भारतीय सुपरहीरो शक्तिमान की भूमिका निभाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। मेकर्स को भी लगता है कि रणवीर सुपरहीरो के कैरेक्टर में करिश्मा कर सकते हैं। सूत्र की मानें तो इस प्रोजेक्ट को लेकर मेकर्स और रणवीर में बातचीत चल रही है।

सूत्रों ने मुकेश से संपर्क किया, तो उन्होंने किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने इस खबर का खंडन भी नहीं किया। यह सभी जानते हैं कि रणवीर अलग-अलग प्रकार के किरदारों को निभाने में सक्षम हैं। यदि वह सुपरहीरो की भूमिका में नजर आएंगे, तो यह दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। मुकेश ने बताया था कि वह 300 करोड़ रुपये में शक्तिमान बनाएंगे। उन्होंने कहा था, कई सालों बाद यह प्रोजेक्ट मेरे हाथ आया है। लोग मुझे शक्तिमान 2 बनाने के लिए कहते थे। मैं शक्तिमान को टीवी पर वापस नहीं लाना चाहता था। मैंने सोनी पिक्चर्स के साथ हाथ मिलाया है। यह एक बड़ी फिल्म है, जो कम-से-कम 300 करोड़ रुपये के बजट में बनेगी।

इस फिल्म को स्पाइडर मैन के मेकर्स बना रहे हैं, लेकिन शक्तिमान बिल्कुल देसी होगा। मुकेश ने बताया था कि कोई हिंदुस्तानी ही फिल्म का निर्देशन करेगा। यह फिल्म तीन हिस्सों में बनेगी और इसे हिंदी, मलयालम, तेलुगु और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा।

# श्रिया पिलगांवकर ने पूरी की ताजा खबर की शूटिंग



अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने कॉमेडी-ड्रामा ताजा खबर की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें भुवन बम, जेडी चक्रवर्ती, देवेन भोजानी, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और शिल्पा शुक्ला भी हैं।

श्रिया आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में एक सेक्स वर्कर की भूमिका में नजर आएंगी।

शो के समापन पर, श्रिया कहती हैं, ताजा खबर की शूटिंग एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है। मुझे कॉमेडी - ड्रामा पसंद है और यह एक ऐसा जॉनर है जिसे मैंने वास्तव में नहीं किया है। मैं एक सेक्स वर्कर की भूमिका निभाती हूं।

मैंने जो किया है, उससे मेरा चरित्र और लुक पूरी तरह से अलग है, जिसने इस प्रक्रिया को और भी अधिक संपूर्ण बना दिया है। मुझे भुवन और इस पूरी कास्ट और क्रू के साथ काम करना पसंद है, जो बहुत प्रतिभाशाली और मेहनती हैं। हमने इसके लिए एक धमाकेदार शूटिंग की है। यह और मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती।

श्रिया रोमांचक परियोजनाओं के साथ एक रोल पर है। वह क्रैकडाउन सीजन 2, द गॉन गेम सीजन 2, फिल्म इश्क-ए-नादान में नजर आएंगी।

# मिर्ज़ापुर 3 के लिए कुश्ती की ट्रेनिंग ले रहे है अली फज़ल

अली फज़ल ने अपने अभिनय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे धूम मचाई है और सबसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स में से एक मिर्ज़ापुर का किरदार गुड्डू भैया है। जैसे ही पूरी कास्ट और क्रू ने बहुप्रतीक्षित तीसरे सीज़न की शूटिंग शुरू करने की तैयारी शुरू की, अली फज़ल अपने किरदार को स्क्रीन पर वापस लाने के लिए अपनी तैयारी में व्यस्त हो गए। तोह इस इस बार क्या अलग देखने को मिलेगा? जिस स्तर का एक्शन और उसके लिए तैयारी करने की तकनीक पिछले दो सीज़न से बिलकुल अलग होगा। अभिनेता ने अपने रोल के लिए हाथ से हाथ का मुकाबला करने के तरीकों को लागू करने के लिए कुश्ती की मूल बातें सीखने की विधि को अपनाया है। शो में हमेशा एक्शन होता है,



लेकिन इस बार की स्क्रिप्ट इसकी बहुत अधिक मांग करती है। अपनी भूमिका के लिए अपने स्टंट और एक्शन खुद करना चाहते हैं, अली इस समय और इस तैयारी का उपयोग शो में उन दृश्यों पर लागू करने के लिए करना चाहते हैं।

एक सूत्र के अनुसार, अली फज़ल फिलहाल एक्शन सीन के लिए तैयारी कर रहे हैं जो इस आगामी सीज़न की स्क्रिप्ट का हिस्सा हैं। ट्रेनिंग फिलहाल जारी है और वह शूटिंग शुरू होने से पहले कुछ हफ्तों से ऐसा कर रहे हैं। अली इस भूमिका के लिए अपना पूरा वक्त दे रहे हैं और इसके लिए पहले से ही बुनियादी कुश्ती सबक लेना शुरू कर दिया है। आपको बता दे उन्होंने ट्रेनिंग के साथ साथ मिर्ज़ापुर 3 की शूटिंग भी शुरू कर दी है जो फिलहाल मुंबई में हो रही है अली फज़ल को हाल ही में अंतर्राष्टीय मर्डर मिस्ट्री, डेथ ऑन द नाइल में देखा गया था और जल्द ही वह तब्बू के साथ विशाल भारद्वाज की खुफ़िया और जेरार्ड बटलर के साथ एक और अंतर्राष्टीय फिल्म, कंधार में नज़र आएंगे।

# चौकस रहने से मुझे व्यापार के ट्रिक्स सीखने में मदद मिलीः आयुषी शर्मा

आगामी वेब फिल्म जादुगर में महिला नायक की भूमिका निभा रही अभिनेत्री आयुषी शर्मा ने कहा कि, चूंकि वह एक आकस्मिक अभिनेत्री हैं और उनके पास औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है, इसलिए चौकस रहने से उन्हें काम पर सीखने में मदद मिली।

एक उच्च शिक्षित परिवार से आने वाली, जहां उनके माता-पिता दोनों वकील हैं, आयुषी साझा करती है कि, औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं होना उसके लिए एक प्रारंभिक संघर्ष था।

अपने इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों में एक ऑडिशन के माध्यम से संयोग से फिल्म उद्योग में प्रवेश करने वाली आयुषी ने आईएएनएस को बताया, मैंने हमेशा औपचारिक शिक्षा की शक्ति को महत्व दिया है। मेरे पास वह मानसिकता है। लेकिन मैंने कभी अभिनेता बनने की योजना नहीं बनाई। मैं एक इंजीनियरिंग छात्र थी, सूचना प्रौद्योगिकी का अध्ययन कर रही थी। इसलिए हां, शुरू में फिल्मांकन की प्रक्रिया, कैमरे के सामने अभिनय करना



और पूरे चरित्र को संपादित करने के बाद कैसे जीवन में आता है, यह एक आकर्षक अनुभव था। मेरा फिल्म सेट मेरा फिल्म स्कूल बन गया।

लेकिन मेरा यह भी मानना है कि, अगर औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं है, तो किसी भी कौशल को सीखने के लिए एक बहुत ही चौकस व्यक्ति होना चाहिए। अगर हमारे पास प्राकृतिक प्रतिभा है, तो हम जल्दी से उठा सकते हैं। यह कहते हुए कि, अगर एक युवा के पास अभिनेता बनने की योजना है शुरू से ही, एनएसडी और एफटीआईआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में जाने से निश्चित रूप से सीखने के द्वार खुलते हैं।

आयुषी ने इम्तियाज अली निर्देशित तमाशा से अपनी शुरूआत की और रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया। वह लव आज कल 2 में भी नजर आई थीं। जादुगर में वह जितेंद्र कुमार के साथ नजर आएंगी। समीर सक्सेना के निर्देशन में बनी जादुगर 15 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी।






# भूल भुलैया 2 के साथ कार्तिक आर्यन के बॉक्स ऑफिस पर 50 दिन पूरे



बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया 2 ने सिनेमाघरों में अपना सपना जारी रखा है। कार्तिक ने रविवार को बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के 50 दिन पूरे होने की खुशी जताई। 20 मई को रिलीज हुई फिल्म के बाद से युवा सुपरस्टार ने थिएटर स्क्रीन के सामने ज़िगजैग कदम रखा था।

साल के सबसे बड़े ओपनिंग वीकेंड से लेकर दुनियाभर में 230 करोड़ रुपये से अधिक के कलेक्शन तक, कार्तिक की हॉरर कॉमेडी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है और यहां तक कि आने वाले हफ्तों में कई अन्य बड़ी फिल्मों के रिलीज होने के साथ, यह रविवार को 50 दिन पूरे करते हुए सिनेमाघरों में अपना प्रदर्शन जारी रखे हुए है।

प्यार का पंचनामा 1, प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, पति पत्नी और वो, लुका छुपी और प्यार का पंचनामा के बाद भूल भुलैया 2 बॉक्स ऑफिस पर 50 दिनों से अधिक समय तक चलने वाली कार्तिक की छठी फिल्म होगी। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर लिखा है, भूल भुलैया2 के थिएटर में 50 दिन! अब हफ्तों वाला जमाना नहीं रहा, अब तो यही गोल्डन जुबली है।यह फिल्म ऐसे समय में 50 दिनों से अधिक समय तक चल रही है साथ ही यह फिल्म भी एक पखवाड़े से अधिक समय से ओटीटी पर चल रही है।

कार्तिक ने भूल भुलैया 2 से हैरान कर दिया है। भूल भुलैया 2 के अलावा, कार्तिक के पास कैप्टन इंडिया, फ्रेडी, शहजादा और साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म पाइपलाइन में है।












CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 44 एडिशनल एसपी का तबादला, गृह विभाग ने जारी किया आदेश,

रायपुर, 13 जुलाई 2022। गृह विभाग छग शासन ने 44 एएसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला किया है. यह आदेश बुधवार को गृह विभाग छग शासन के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने जारी किया. गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक़ रायपुर शहर के नए एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर होंगे.

### नर्स ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बिलासपुर, 13 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली नर्स ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. नर्स पिछले कुछ दिनों से तनाव में थी और ऐसा बताया जा रहा है की आत्महत्या से पहले वह किसी से फ़ोन में बात करते हुए रो रही थी. वह मानसिक तनाव की स्थिति से गुजर रही थी. मामला प्रेम प्रसंग का भी हो सकता है. मामला सिविल लाइन थाने का है. नर्स का शव फंसी के फंद्दे पर लटकता मिला. सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### बाइकों में भिड़ंत, एक मृत

महासमुंद, 13 जुलाई 2022। दो बाइक की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक बीते 9 जुलाई की रात करीब साढ़े 9 बजे गुलाब भारती अपने दोस्त सोनू कोसरिया की बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजी 8437 में सोनू कोसरिया का भांजा नवीन भोई को बैठाकर सिटी ग्राउंड बसना से ग्राम गढ़पटनी की ओर जा रहा था। रास्ते में वार्ड 11 सांई विहार कालोनी मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जी 1940 के चालक ने गुलाब भारती की बाइक को ठोकर मार दिया। घायल गुलाब भारती का ईलाज के दौरान मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से एक मृत

महासमुंद, 13 जुलाई 2022। तुमगांव थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बीते 24 जून की रात करीब ढाई बजे कुहरी-सिरपुर मार्ग में अज्ञात वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर कोकोभांठा निवासी महेन्द्र नेताम (24) को पीछे से ठोकर मार दिया। उन्हें 108 वाहन से ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल तुमगांव ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों की कमी को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार को लिखा जाएगा पत्र

» मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

» खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करें और वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग को दें बढ़ावा

रायपुर, 13 जुलाई 2022। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में केन्द्र से रासायनिक उर्वरकों की कम आपूर्ति को देखते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त को केन्द्र से समन्वय कर मांग के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को मौसम की स्थिति पर नजर रखने और जहां खाद, बीज की कमी है, वहां खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज यहां मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में प्रदेश में वर्षा की स्थिति, खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ फसलों के क्षेत्राच्छादन, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा की। बैठक में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों से काफी आगे हैं। रासायनिक उर्वरकों की कमी की पूर्ति काफी हद तक वर्मी कम्पोस्ट की जा सकती है। आने वाले समय में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के ओव्हर रेट की शिकायतों के प्रकरणों में कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बारिश के दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा के दौरान आवश्यक दवाओं के पर्याप्त मात्रा में भण्डारण, शहरों में साफ-सफाई, जल स्त्रोतों, हैण्ड पम्पों की साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि मनरेगा के तहत भू-जल संरक्षण और संवर्धन की संरचनाएं प्राथमिकता के साथ निर्मित की जाएं। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा, सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता बढ़ेगी और ईको सिस्टम के लिए भी लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में पिछले दो-तीन वर्षों में कराए गए नरवा विकास के कार्यों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। तमोरपिंगला और अचानकमार में हाथियों का दल काफी समय से एक स्थान पर है, क्योंकि वहां उन्हें पानी और चारा उपलब्ध हो रहा है। इसी तरह हाथी प्रभावित अन्य क्षेत्रों में भी नरवा विकास के कार्यों को तेजी से करने की आवश्यकता है, इससे हाथी मानव द्वंद्व कम होगा। गौठानों में चारागाह विकास की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चारे का उत्पादन करने वाले समूहों को खुले बाजार में चारा बेचने की अनुमति दी जाए, इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी तथा अतिरिक्त चारा का साईलेज बनाकर मवेशियों के लिए उपलब्ध कराया जाए।

**मुख्यमंत्री ने किसानों से की फसल बीमा कराने की अपील**

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान किसानों से अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा कराने की अपील की। बैठक में बताया गया कि खरीफ वर्ष 2021 में 13.77 लाख किसान द्वारा फसल बीमा हेतु 157.65 करोड़ रूपए का प्रीमियम दिया गया था, जिसे मिलाकर कुल 1199 करोड़ रूपए के प्रीमियम का भुगतान किया गया था, जिसके विरूद्ध 4 लाख 8 हजार किसानों को 758.43 करोड़ का बीमा दावा भुगतान किया गया। इसी तरह रबी 2021-22 में 2.32 लाख किसानों द्वारा 15.96 करोड़ रूपए का प्रीमियम दिया था, इसे मिलाकर कुल 153 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया, जिसके विरूद्ध एक लाख 58 हजार पात्र किसानों को 304.49 करोड़ रूपए का प्रीमियम दावा भुगतान किया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ 2022 में केन्द्र से यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश और सुपर फास्फेट को मिलाकर कुल 13.70 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की मांग की गई थी, जिसके विरूद्ध छत्तीसगढ़ को मात्र 6.30 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति केन्द्र द्वारा की गई है। बैठक में जानकारी दी गई कि मार्कफेड, सहकारी समिति और निजी क्षेत्रों में कुल 11.03 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का भंडारण किया गया, जो खरीफ 2022 के लिए निर्धारित लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। भण्डारण की तुलना में किसानों को समितियों और निजी क्षेत्रों को मिलाकर 67 प्रतिशत रासायनिक उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है।

### छत से गिर कर मौत

महासमुंद, 13 जुलाई 2022। बसना के ग्राम दुलारपाली में छत से गिर कर रामेश्वर साहू (65) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम 5 बजे घर की छत से गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उन्हें सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### सीईओ के घर पर तैनात होमगार्ड के जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या

जगदलपुर, 13 जुलाई 2022। जिला पंचायत सीईओ के घर पर होमगार्ड का जवान उमेश कुकड़े नाइट ड्यूटी में तैनात था, गार्ड रूम में ही जवान ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी सुबह पुलिस को तब लगी जब दूसरा स्टाफ उसे छोड़ाने के लिए आया, तो उसने जवान को फांसी के फंदे में झूलता हुआ पाया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाकर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जिला पंचायत के सीईओ रोहित व्यास के घर मे तैनात सुरक्षाकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवा दिया गया है, होमगार्ड का जवान उमेश कुकड़े नाइट ड्यूटी में जिला पंचायत सीईओ रोहित व्यास के सरकारी आवास पर तैनात था।




जुल्म की दास्तां

### पूर्व आईएफएस की पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप

#### कहा- अवैध संबंध होने के शक में बनाया बंधक, की जमकर मारपीट, मामला दर्ज



रायपुर, 13 जुलाई 2022। भारतीय वन सेवा के पूर्व अधिकारी अनूप भल्ला के खिलाफ पत्नी की बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है. अनूप भल्ला की पत्नी सीमा भल्ला ने बंधक बनाकर मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है.

बता दें कि, पूर्व आईएफएस की पत्नी सीमा भल्ला उम्र 49 वर्ष ने लिखित शिकायत दी कि अनुप भल्ला मेरे साथ मारपीट कर मेरा अवैध संबंध होने का आरोप लगाता आया है. साथ ही मेरी मां पर टोना-टोटका करने का आरोप लगाता है. बीते दिनों मेरे पति ने मुझे बहाने से भोपाल भेज दिया. जिसके बाद मैं जब घर लौटी तो, मुझे जबरदस्ती घर में घुसने से रोकता रहा है. अनूप भल्ला मेरे घर की काम वाली बाई भगवती और ब्रजबाई के साथ मिलकर मुझे बल पूर्वक बाहर निकालने का प्रयास भी किया है. घर पर आने के बाद मुझे कई दिनों तक खाने-पीने के लिए राशन भी नहीं दिया जा रहा था. घर में कैमरा लगाकर मेरी निगरानी की जाती थी. अनूप भल्ला ने मेरे साथ डंडे के साथ पिटाई भी की है.

वहीं माना थाना पुलिस ने बताया कि प्रार्थीया के भाई से बंधक बनाने की सूचना पाई गई थी. जिसके बाद महिला डीएसपी आशा सेन के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रार्थीया को मुक्त कराया गया. महिला की लिखित शिकायत पर आरोपी अनूप भल्ला के खिलाफ धारा 498ए, 342 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पूरे मामले की जांच की जा रही है.।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)